## कुबेरेश्वर धाम में 2 और मौत

**सीहोर, ईएमएस।** कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सीहोर स्थित कुबेरेश्वर धाम में सोमवार को दो और लोगों की मौत हो गई। इनमें एक महिला और एक पुलिसकर्मी शामिल है। बता दें, कुबेरेश्वर धाम में रुद्राक्ष महोत्सव चल रहा है, जिसमें शामिल होने लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कुबेरेश्वर धाम में 5 दिन में 5 लोगों की मौत हो चुकी है।उत्तर प्रदेश के झांसी की पूनम ठाकुर (40) पत्नी सत्य प्रकाश ठाकुर रुद्राक्ष महोत्सव में शामिल होने कुबेरेश्वर आई थीं। बताया जा रहा है कि अचानक तबीयत खराब होने से शाम करीब साढ़े 4 बजे उनकी मौत हो गई। डॉक्टरों ने बताया कि मृतक महिला को कुबेरेश्वर धाम की एम्बुलेंस से लाया गया था।महिला के अलावा एक पुलिसकर्मी की मौत भी हुई है।

आई.एस.ओ. ९००१:२००० अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

## सोनू निगम से धक्का-मुक्की

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई के चेंबूर इलाके में लाइव कंसर्ट के दौरान सिंगर सोनू निगम के साथ धक्का-मुक्की की गई। घटना सोनू के साथ सेल्फी लेने पर हुई थी। आरोप उद्धव गुट के विधायक प्रकाश फटरपेकर के बेटे पर लगा है। घटना के बाद सोनू ने सोमवार देर रात पुलिस स्टेशन पहुंचकर आरोपी के खिलाफ FIR कराई। इसमें चोट पहुंचाने, गलत तरीके से रोकने की शिकायत की गई। अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।यह घटना चेंबूर फेस्टिवल में फिनाले के दौरान हुई। सोनू निगम परफॉर्म कर रहे थे। पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार, विधायक प्रकाश फटरपेकर के बेटे ने पहले तो सोनू के मैनेजर सायरा संग बदतमीजी की। बाद में जब सोनू निगम स्टेज से नीचे आ रहे थे तो उसने पहले सिंगर के बॉडीगार्ड को धक्का दिया और फिर सोनू को भी धक्का मारा।

• वर्ष- 17 अंक 21 • कटनी • मंगलवार, 21 फरवरी, 2023 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • फाल्गुन शुक्ल पक्ष 1 • विक्रम संवत् 2079 शके 1935

# अरुणोदय समारोह में सम्मानित व पुरस्कृत हुए श्रेष्ठ पत्रकार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता




# निर्भीकता से खोज परक समाचार पाठकों तक पहुंचाना ही असली पत्रकारिता

■ जबलपुर, यशभारत।

अरुणोदय यशभारत निवास शताब्दिपुरम में सोमवार 20 फरवरी 2023 को आयोजित पत्रकार अरुण शुक्ला स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार, श्रीमती माया शुक्ला स्मृति महिला पत्रकारिता एवं श्रीमती सुशीला शुक्ला स्मृति श्रेष्ठ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुरस्कार समारोह अरुणोदय में नगर के चुनिंदा पत्रकारों व श्रेष्ठ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानीय अतिथियों ने शॉल श्रीफल, प्रतीक चिन्ह और सम्माननिधि से सम्मानित और पुरस्कृत किया । इस मौके पर अतिथियों



ने कहा कि पत्रकार को हर चुनौती से निपटने में सक्षम होना चाहिए। खोज परक समाचार निर्भीकता के साथ पाठकों तक पहुंचना ही असली पत्रकारिता है। उन्होंने कहा कि आशीष शुक्ला जैसे बेटा आज की जरूरत है। जिन्होंने अपने माता -पिता को याद को इस स्मृति शेष आयोजन से संजोये रखा। भव्यता व गरिमामय पारिवारिक माहौल में कार्यक्रम का शुभारंभ स्वास्तिवाचन के बीच अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। मंच पर सम्मानीय अतिथि राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू, कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा, जेएनके विवि के कुलपति डॉ प्रमोद मिश्रा, रादुविवि के कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्रा, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविश्वविद्यालय के कुलपति एसपी तिवारी विराजमान थे। अतिथियों व चयन समिति को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## पद्मश्री डॉक्टर मुनिश्वर चंद्र डावर का हुआ विशेष सम्मान



भारत सरकार द्वारा पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित डॉक्टर मुनिश्वर चंद्र डावर को अरुणोदय सम्मान समारोह के गरिमामय मंच से आज विशेष रूप से सम्मानित किया गया। डॉक्टर डावर (एमसी डावर) सेना से सेवानिवृत्त डॉक्टर हैं। डॉ. मुनिश्वर चंद्र डावर...ऐसा नाम जो पहचान का मोहताज नहीं। वह जबलपुर में काफी मशहूर हैं। उनसे इलाज कराने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। करीब 50 सालों से गरीबों का इलाज कर रहे हैं। वह गरीबों से 20 रुपये फीस लेते हैं, इतना ही नहीं अगर किसी के पास यह भी नहीं होते तो वह मांगते नहीं हैं। कई गरीबों को तो वह अपनी जेब से दवा तक दिलाते हैं। 2010 में इनकी फीस दो रुपये थी। चिकित्सा क्षेत्र में उन्हें उनकी इसी खासियत की बदौलत पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित किया गया। महंगाई के जमाने में डावर सेवा भाव के अद्भुत प्रतीक बने हैं।

- पेज 3 भी देखें

### न्यूज-ब्रीफ

## मेघालय में रैली के दौरान जीप पलटी, 5 की मौत, 21 घायल



**शिलांग, एजेंसी।** मेघालय के नॉर्थ गारो हिल्स में एक चुनावी रैली में शामिल होने जा रहे लोगों की जीप पलट गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 21 घायल हो गए। विधानसभा चुनाव से पहले बोलमेदांग में हो रही रैली में भाग लेने के लिए ये सभी अडोगरे गांव जा रहे थे, जहां पूर्व मुख्यमंत्री मुकुल संगमा सभा को संबोधित करने वाले थे। नॉर्थ गारो हिल्स के पुलिस अधिकारी शैलेंद्र बामनिया ने कहा कि कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं और उन्हें इलाज के लिए असम के गोलपारा अस्पताल रेफर किया गया है।

### उत्तर कोरिया के मिसाइल टेस्ट से चीन, जापान में रेडिएशन का खतरा

## 10 लाख लोग हो सकते हैं प्रभावित



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर कोरिया द्वारा बीते दिनों जमीन के अंदर किए गए न्यूक्लियर मिसाइल टेस्ट से उत्तर कोरिया, दक्षिण कोरिया, चीन और जापान में लाखों लोग रेडिएशन से प्रभावित हो सकते हैं। सिओल स्थित एक मानवाधिकार संगठन ने मंगलवार को एक रिपोर्ट जारी कर यह जानकारी सार्वजनिक की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि न्यूक्लियर टेस्ट से जमीन के भीतर मौजूद पीने के पानी में रेडिएशन का स्तर कई गुना बढ़ गया है। बता दें कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सरकारों के अनुसार, उत्तर कोरिया ने साल 2006 से 2017 के बीच उत्तरी हामयोंग प्रांत के पहाड़ों में 6 बार न्यूक्लियर टेस्ट किए थे। अब ट्रांजिशनल जस्टिस वर्किंग ग्रुप ने अपनी स्टडी में दावा किया है कि यह रेडिएशन हामयोंग प्रांत के आसपास के आठ शहरों में फैल सकता है। इससे उत्तर कोरिया में ही करीब दस लाख लोग प्रभावित हो सकते हैं। यह रेडिएशन पीने के पानी, खेती लोगों को प्रभावित कर सकता है। रिपोर्ट में ये भी दावा किया गया है कि रेडिएशन का असर दक्षिण कोरिया, चीन, जापान में भी लोगों पर असर डाल सकता है।

# देश के 8 राज्यों में 72 जगहों पर एनआईए का छापा

### गैंगस्टर-टेरर फंडिंग केस में कार्रवाई, रेड में कई हथियार बरामद

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी ने मंगलवार की सुबह 8 राज्यों के 70 जगहों पर छापा मारा है। यह कार्रवाई गैंगस्टर और उनके करीबियों के ठिकाने पर हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, गैंगस्टर और तमाम राज्यों में फैले उनके सिंडिकेट को लेकर छापेमारी की जा रही है। एनआईए को कई गैंगस्टर के पास से हथियार बरामद हुए हैं।

### मप्र समेत 8 राज्यों पर छापेमारी

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, एनआईए की टीम पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, गुजरात और मध्य प्रदेश में 70 से ज्यादा जगहों पर छापेमारी कर रही है। एनआइए ने अपराधिक सिंडिकेट के खिलाफ मध्य प्रदेश भी कार्रवाई की है। प्रदेश में उज्जैन जिले के नागदा के दुर्गापुरा इलाके से चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। इनमें से एक का नाम दीपक भाटी बताया गया है, इससे दिल्ली के गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई से जुड़े मामले में पूछताछ की जा रही है। दीपक भाटी लारेंस से तिहाड़ जेल में मिला था। बताया जा रहा है कि पंजाब पुलिस मुख्यालय में राकेट दागने वाले लारेंस बिश्नोई गैंग के 11 आरोपितों में दो फरारी के दौरान उज्जैन और नागदा में रुके थे। लॉरेंस बिश्नोई गैंग और बवाना गैंग से पूछताछ के बाद कार्रवाई सूत्रों के मुताबिक, ये छापेमारी गैंगस्टर लॉरेंस और नीरज बवाना से पूछताछ के बाद हो रही है। गैंगस्टर से पूछताछ में आर्म्स सप्लायर गिरोह व टेरर फंडिंग की बात सामने आई थी। इसी के आधार पर




### मध्य प्रदेश के नागदा से एनआइए ने चार लोंगों को हिरासत में लिया

आज कार्रवाई कर रही है। दरअसल, पंजाबी सिंगर सिद्धू मुसेवाला हत्याकांड में शामिल लॉरेंस बिश्नोई लंबे समय से जेल में बंद है। कुछ दिन पहले ही हृद्ध की टीम ने उससे पूछताछ की थी। इसके बाद दिल्ली-एनसीआर के कुख्यात बदमाश नीरज बवाना से भी पूछताछ की थी। दरअसल, पिछले 6 महीने की बात करें तो एनआईए ने लॉरेंस, नीरज बवाना, बंबीहा ग्रुप सहित उत्तर भारत में एक्टिव तमाम गैंगस्टर के ठिकानों पर कई बार कार्रवाई की है। सितंबर 2022 से शुरू हुई यह कार्रवाई अभी तक जारी है।गैंगस्टर के खिलाफ इससे पहले इतनी बड़ी कार्रवाई कभी नहीं हुई। पंजाबी सिंगर सिद्धू मुसेवाला की हत्या के अलावा खुफिया इनपुट के आधार पर एनआईए की टीमे गैंगस्टर का गठजोड़ तोड़ने में जुटी है।

## देश के 11 राज्यों में 64 ठिकानों पर आईटी का छापा

### यूफ्लेक्स कंपनी के ठिकानों पर कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी। देश के 11 राज्यों में 64 जगहों पर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने मंगलवार की सुबह छापेमारी की है। आईटी ने यूफ्लेक्स लिमिटेड के ठिकानों पर छापा मारा है। न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य



प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू और कश्मीर, हरियाणा, तमिलनाडु, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में करीब 64 जगहों पर आईटी की छापेमारी जारी है। हालांकि, यूफ्लेक्स कंपनी के ठिकानों पर किन वजहों से छापेमारी की गई है, अभी तक यह नहीं पता चल सका है।

## मोटरपंप सुधारने के लिए कुएं में उतरे दो सगे भाइयों की मौत

■ शहडोल, यशभारत।

ब्यौहारी थाना क्षेत्र में मोटरपंप सुधारने कुएं में उतरे दो सगे भाइयों की मौत से हड़कंप मच गया है।आशंका जताई जा रही है कि बिजली के करंट या जहरीली गैस रिसाव के कारण मौत हुई होगी। पुलिस मौके पर पहुंच गई है। जिला मुख्यालय



से लगभग 100 किलो मीटर दूर स्थित मऊ गांव निवासी ददन गोस्वामी उर्फ चंद्रप्रकाश 32 साल अपने घर के पास इंदारानुमा कुएं में मोटरपंप बनाने के लिए कुएं अंदर उतरा था।मोटर पंप बनाते समय ही वह जोर से चिल्लाया तो उसका बड़ा भाई लल्लू उर्फ चंद्रप्रकाश गोस्वामी 45 साल उसको बचाने के लिए कुएं में उतर गया। इसके कुछ देर बाद दोनो की मौत हो गई। समाचार लिखे जाने तक कुएं से शव नहीं निकाले जा सके थे। थाना प्रभारी समीर वारसी ने बताया कि दो सगे भाइयों की कुएं के अंदर मौत हुई है। यह घटना दोपहर तीन बजे के आसपास की है। सूचना मिलने पर हमारी टीम यहां पहुंच गई है। कुएं के अंदर मोटर बनाने के एक भाई उतरा था।उसी समय उसे कोई दिक्कत हुई तो दूसरा उतर गया और दोनों की मौत हो गई है। उनके अनुसार मौत का कारण स्पष्ट नहीं हैं।जांच की जा रही है।

## महिला ने पति-सास की हत्या कर शवों के टुकड़े किए, मेघालय में फेंके, 2 दोस्तों के साथ वारदात

■ गुवाहाटी, ईएमएस।

असम के गुवाहाटी में एक महिला ने दो दोस्तों के साथ मिलकर पति और सास की हत्या कर दी। फिर शव के टुकड़े कर मेघालय में अलग-अलग जगहों पर फेंक दिए। पुलिस ने सोमवार को मामले का खुलासा कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि दोनों मर्डर पिछले साल जुलाई और अगस्त में हुए थे। वहीं, पति और सास की हत्या करने के बाद महिला ने पुलिस में उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि महिला ने अपने प्रेमी और उसके दोस्त संग मिलकर पति-सास की हत्या की थी। फिर शवों के टुकड़े कर उन्हें तीन दिनों तक फ्रिज में रखा। बाद में शवों के टुकड़े मेघालय की खाई में फेंक दिए।गुवाहाटी के पुलिस कमिश्नर दिगंता बाराह ने बताया कि मृतकों की पहचान अमरज्योति डे (आरोपी महिला का पति) और शंकरी डे (महिला की सास) के रूप में हुई है। वहीं, आरोपी महिला बंदना कलिता सहित उसके दोस्तों धनजीत डेका और दोस्त अरूप दास को गिरफ्तार कर लिया गया



है।दिगंता बाराह ने बताया कि बंदना ने जुलाई 2022 में गुमशुदगी की FIR दर्ज कराई थी। इसके बाद नवंबर 2022 में मृतकों के एक रिश्तेदार ने गुवाहाटी के एक थाने में केस दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि अमरज्योति और शंकरी कई महीनों से लापता हैं, रिश्तेदार ने दोनों की हत्या किए जाने की भी आशंका जताई। इसके बाद पुलिस ने दोनों FIR के आधार पर जांच शुरू की। इसके बाद पुलिस को बंदना पर शक हुआ, जब उससे पूछताछ की गई तो बंदना ने दोनों मर्डर की बात कबूल कर ली।पुलिस कमिश्नर ने बताया कि बंदना ने 26 जुलाई को पति का मर्डर किया।

## तुर्किये-सीरिया में फिर भूकंप, तीन की मौत, 200 से ज्यादा घायल

■ अंकारा, एजेंसी।

तुर्किये में एक बार फिर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 6.3 मापी गई। यूरोपीय भूमध्यसागरीय भूकंपीय केंद्र ने बताया कि तुर्किये-सीरिया सीमा क्षेत्र में दो किमी (1.2 मील) की गहराई में 6.3 तीव्रता का भूकंप आया। तुर्किये के दक्षिणी प्रांत हाटे में सोमवार को दो बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। तुर्किये के गृह मंत्री सुलेमान सोयलू ने कहा कि ताजा भूकंप में तीन लोगों की मौत हुई है और 213 घायल हुए हैं। भूकंप के झटके बाद लोग अपने घरों से बाहर आ गए और हर तरफ अफरा तफरी का माहौल दिखा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ताजा भूकंप के झटकों से कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। तुर्किये की अनादोलू समाचार एजेंसी के मुताबिक, हाटे प्रांत में आए 6.4 और 5.8 तीव्रता के भूकंप के झटके पड़ोसी देश लेबनान की राजधानी बेरूत में भी महसूस किया गया। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी साना के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि तुर्किये-सीरिया सीमा पर आए भूकंप के बाद अलेप्पो में इमारत का हिस्सा गिरने से छह लोग घायल हो गए।

## जिंदगी से खिलवाड़: अस्पताल ने नवजात को मृत बता डिब्बे में पैक कर भेजा, परिजनों ने खोला तो मिली जिंदा

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

लोकनायक अस्पताल की बड़ी लापरवाही सामने आई है। आरोप है कि यहां नवजात को मृत बताकर डॉक्टरों ने उसे डिब्बे में पैक कर परिवार को सौंप दिया। परिवार ने घर पहुंचकर डिब्बा खोला तो बच्ची हाथ हिला रही थी, जिसे देख पूरा परिवार चौक गया और तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचा, लेकिन डॉक्टरों ने उसे जिंदा मानने से ही मना कर दिया।विवाद बढ़ा तो परिवार ने पुलिस को फोन किया। काफी नोकझोंक के बाद पुलिस के दबाव में बच्ची को अस्पताल की नर्सरी में वेंटिलेटर पर रखा गया है। फिलहाल बच्ची की हालत स्थिर बनी हुई है। उधर, अस्पताल प्रशासन ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। कमेटी को 48 घंटे में रिपोर्ट देनी है। नवजात के पिता अब्दुल मलिक ने बताया कि उसकी गर्भवती पत्नी अरुणा आसफ अली अस्पताल में भर्ती थी, यहां उसके शरीर से पानी और खून का रिसाव हो रहा था, जिसे देख डॉक्टरों ने उसे लोकनायक अस्पताल में रेफर कर दिया। उन्होंने कहा कि वह 17



फरवरी को पत्नी को लेकर लोकनायक अस्पताल आ गए। यहां पत्नी ने रविवार शाम एक बच्ची को जन्म दिया। डॉक्टरों ने नवजात को मृत घोषित कर डिब्बा लाने को कहा, लेकिन पत्नी ने कहा कि बच्ची जिंदा है और हाथ हिला रही है, लेकिन उसकी बात नहीं मानी और परिवार के सदस्य को अंदर बुलाया। बाद में एक डिब्बा मंगवाया और नवजात को पैक कर थमा दिया। पिता ने कहा कि जब वह नवजात को लेकर घर पहुंचे और डिब्बा खोला तो बच्ची हाथ हिला रही थी। अब्दुल ने कहा कि वह उसी समय बच्ची को लेकर अस्पताल की नर्सरी में पहुंचे लेकिन डॉक्टरों ने भर्ती करने से मना कर दिया।



कटनी, जबलपुर, मण्डला, भोपाल, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित

# अब देर रात तक नहीं बजेंगे डीजे, पुलिस करेगी कार्रवाई

## शादी समारोह स्थल एवं मैरिज गार्डन में सीसीटीव्ही लगाना अनिवार्य, कुठला पुलिस ने ली मैरिज गार्डन, होटल व लॉज संचालकों की बैठक

**कटनी, यशभारत।** मैरिज गार्डनों में देर रात बजने वाले डीजे और पिछले कुछ समय के दौरान हुई अपराधिक वारदातों को लेकर पुलिस सक्रिय हुई है। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन के निर्देश पर कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मैरिज गार्डन संचालकों एवं होटल लॉज संचालकों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे कुठला टीआई अरविन्द्र जैन ने कहा कि शादी के आयोजन में वर या वधू पक्ष के सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी रुपए चोरी होने की घटनाएं होती है। इन वारदातों को दूसरे शहरों की गेंग अंजाम देती है। इन वारदातों के लिए नाबालिग बच्चों का उपयोग किया जाता है।

मैरिज गार्डन एवं होटल संचालकों को चाहिए कि वह वधू पक्ष को सोने चांदी एवं नगदी बैंक में सुरक्षित रखने की समझाइश दे।



प्रत्येक मैरिज गार्डन एवं होटल संचालक को नाइट विजन की सुविधा के हाई रेजोल्यूशन वाले सीसीटीवी कैमरे प्रवेश एवं निर्गम द्वार सहित संपूर्ण परिसर में लगाया जाना अनिवार्य होगा। विवाह समारोह के दिन सुरक्षा गार्ड भी लगाए जाएं। मैरिज गार्डन एवं होटल में पर्याप्त अग्निशमन उपकरण वैधता तिथि सहित रखे जाएं। मैरिज गार्डन एवं होटल में विवाह समारोह के दौरान यह सुनिश्चित किया जाए कि मेन रोड पर किसी तरह की यातायात जाम की समस्या ना हो। पार्किंग एवं यातायात व्यवस्था हेतु मैरिज गार्डन एवं होटल संचालकों को व्यवस्था करनी होगी। समारोह में बजने वाले डीजे एवं एवं साउंड सिस्टम रात्रि 10 बजे के बाद बजने पर पुलिस द्वारा कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने कहा कि शादी समारोह स्थल एवं मैरिज गार्डन के आसपास रहने वाले लोगों को देर रात तक बजने वाले डीजे की तेज ध्वनि से परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए मैरिज गार्डन संचालक एवं होटल मालिक जिम्मेदार होंगे। होटल एवं लॉज में रुकने वाले प्रत्येक व्यक्ति की जानकारी हर रोज पुलिस थाने में जमा कराना अनिवार्य होगा। जिसके लिए कुठला पुलिस द्वारा मोबाइल नंबर 9340486101 उपलब्ध कराया गया है, जिस पर होटल एवं लाज संचालक थाने में आए बगैर रुकने वालों की जानकारी पुलिस को व्हाट्सएप पर उपलब्ध करा सकते हैं। बैठक में होटल राधिका के संचालक सुरेश गुप्ता, होटल राज पैलेस के संचालक सुनील रांधेलिया, मदन दुबे, होटल साल्या के प्रेम शंकर राय, अमित दुबे, होटल इंडिया के रवि मोहन श्रीवास्तव, सतीश श्रीवास्तव, जायसवाल रेस्टोरेंट के अभिनव, दर्पण लॉज के विकास सुले, होटल सूर्या के सुशील जैन, होटल श्रेणी के प्रथम गुप्ता, आदर्श लान के कृष्णा जायसवाल, होटल मधुर प्रेम के प्रेम शंकर राय एवं संतोष पाल उपस्थित रहे।



## हनुमान मंदिर छपरवाह में प्राण प्रतिष्ठा 24 फरवरी को, कल निकलेगी कलश शोभायात्रा

**कटनी, यशभारत।** हनुमान मंदिर छपरवाह के ऐतिहासिक मंदिर में श्री राधाकृष्ण विग्रहों की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का भव्य धार्मिक आयोजन 24 फरवरी को संपन्न होगा। यह प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान आचार्य पं. रामाधार शुक्ला के सानिध्य में होगी। आयोजक मंडल की अभिलाषा अवस्थी, शैलेष अवस्थी टेक्सास अमेरिका निवासी ने बताया कि कल 22 फरवरी को कलश शोभायात्रा दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होकर भ्रमण के पश्चात हनुमान जी के मंदिर पहुंचेगी। दिनांक 23 फरवरी को देव आव्हान, जलाधिवास, अन्नाधिवास कार्यक्रम होंगे। 24 फरवरी को विग्रह स्थापना प्राण प्रतिष्ठा हवन पूर्णाहुति भंडारे का आयोजन प्रातः काल से प्रारंभ होकर देर शाम तक चलेंगे। उमाशंकर शुक्ला, गिरिजाशंकर शुक्ला, आशीष शुक्ला, आनंद शुक्ला एवं समस्त परिवार जनों ने धर्मप्रेमियों से उपस्थिति की अपील की है।

## शिवशंकर की प्राण प्रतिष्ठा कल

**कटनी, यशभारत।** कल चाका स्थित भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामरतन पायल के फार्म हाउस में स्थित शिव मंदिर का सौंदर्यीकरण तथा भोलेनाथ शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा कल 22 फरवरी को सुबह 8 बजे से होगी। आयोजक रामरतन पायल, मंदीप पायल, संदीप पायल ने समस्त धर्मप्रेमियों से प्राण प्रतिष्ठा तदोपरांत दोपहर एक बजे से भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया है।



# आध्यात्मिक शिव ध्वजारोहण

**कटनी, यशभारत।** चाका स्थित प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सिविल लाईन की उपशाखा में चाका प्रभारी बीके सविता बहन बीके रमेश भाई के नेतृत्व सिविल लाइन राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन के मार्गदर्शन मे आध्यात्मिक शिव ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य अखिल पांडे उद्योगपति मनु बजाज, सुधीर जैन, श्रीमती नीलम जैन सुरेश सेठ लालचंद ठारवानी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। लक्ष्मी बहन ने अतिथियो को ईश्वरीय सौगात भेंटकर कहा कि परमात्मा के स्मृति चिन्ह का यह झंडा शांति व शक्ति का प्रतीक है। परमात्मा शिव धरती पर अवतरित होकर मनुष्यात्माओं को पांच विकारो से मुक्त कर मानव में दिव्य गुण भरते हुए राजयोग को शिक्षा देकर भारत को स्वर्णिम भारत बनाने का कार्य करा रहे है। कार्यक्रम का समापन शिव ध्वजारोहण और भोग वितरण से हुआ इस अवसर पर लक्ष्मी बिचपुरिया ठेकेदार राजा भाई केशव भाई लखन साहू रोहनी भाई राजा चौधरी जितेंद्र गुप्ता सुनीता गुप्ता भानूप्रताप सिह मरावी ममता मरावी बहन चमन नीतू सहित अन्य सेवाधारी भाई बहनो की उपस्थिति रही।

# इंटर स्कूल ग्रुप कैटेगरी ओपन चेस टूर्नामेंट अप्रैल में

### स्व. सुधीर कुमार पुरवार मेमोरियल ऑर्गेनाइजेशन का गठन



**कटनी, यशभारत।** स्व. सुधीर कुमार पुरवार मेमोरियल ऑर्गेनाइजेशन की बैठक संस्था के संरक्षक अनिल कुमार पुरवार के यहां सचिव प्रदीप कुमार पुरवार के संयोजन में हुई, जिसमें सुधीर कुमार पुरवार मेमोरियल ऑर्गेनाइजेशन का गठन किया गया, जिसमें संरक्षक सदस्य में एड. अनिल कुमार पुरवार, डॉ सुशील कुमार खमरिया, जमुना प्रसाद निषाद, श्रीमती शशि निषाद को चुना गया। पदाधिकारियों में अध्यक्ष कुलभूषण पुरवार, उपाध्यक्ष वीरेंद्र ताम्रकार बिलहरी, सचिव प्रदीप कुमार पुरवार, सह सचिव राकेश बरसैंया, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश पुरवार, जनसंपर्क अधिकारी जगदीश प्रसाद गुप्ता, संदीप कुमार पुरवार को चुना गया। कटनी डिस्ट्रिक्ट चेस अकैडमी के सहयोग से आयोजित होने वाली इंटर स्कूल ग्रुप कैटेगरी ओपन चेस टूर्नामेंट 13 एवं 14 अप्रैल को मंगलम मैरिज गार्डन में होगा। जिसके ऑनर जमुना प्रसाद निषाद हैं। दो दिवसीय प्रतियोगिता में 180 पुरस्कारों में 34 नगद पुरस्कार, 40 ट्रॉफी एवं 170 मेडल दिए जाएंगे। 25 हजार रूपए की इनामी राशि वाली इस प्रतियोगिता की एंट्री फीस नर्सरी से फर्स्ट 400 रूपए एवं सेकंड से 12वी तक 500 रूपए रखी गई है। 10 अप्रैल तक एंट्री ली जा सकेगी। टूर्नामेंट के बाद एक रेटेड स्टेट चेस टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। जिसमें उक्त प्रतियोगिता के साथ खिलाड़ियों को चयनित किया जाएगा। सचिव प्रदीप कुमार पुरवार, संस्थापक प्रदीप कुमार पुरवार ने बताया कि अतिशीघ्र ही चैस एकेडमी खोली जाएगी, जिसमें खिलाडियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## निर्माणाधीन भवन में अस्थाई कनेक्शन होने के कारण नहीं दिया जा सका स्थाई विद्युत कनेक्शन

**कटनी, यशभारत।** बरगवां में स्थायी बिजली कनेक्शन नही दिये जाने की जानकारी प्राप्त होने पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए कार्यपालन अभियंता शहर संभाग म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लिमि.कटनी को मामले की जॉच कर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए गए। जिसके संबंध में विभाग द्वारा कनिष्ठ अभियंता द्वारा जाँच के दौरान पाया गया की उपभोक्ता के बरगंवा स्थित भवन में अस्थाई कनेक्शन लगा हुआ है एवं भवन निर्माण कार्य चल रहा है जिस कारण से कंपनी मंडल के नियमानुसार उपभोक्ता को स्थाई कनेक्शन दे पाना संभव नहीं है।

## मृदा स्वास्थ्य परीक्षण, प्राकृतिक खेती एवं लघु धान्य फसलों के प्रबंधन हेतु कृषक प्रशिक्षण का समापन

**कटनी, यशभारत।** मृदा स्वास्थ परीक्षण, प्राकृतिक खेती एवं लघु धान्य फसलों के प्रबंधन हेतु किया गया कृषक प्रशिक्षण दिनांक 15 फरवरी बुधवार को किसान कल्याण तथा कषि विकास विभाग द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र पिपरोंध जिला कटनी में कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। किसान कल्याण तथा कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि कृषक प्रशिक्षण में कृषकों को मृदा परीक्षण का महत्व एवं मृदा स्वास्थ कार्ड अनुसार उर्वरक एवं पोषक तत्वों के प्रयोग के बारे में जानकारी दी गई। कृषकों को प्राकृतिक खेती के सिद्धातों एवं इसको करने के तरीका तथा महत्व से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान कृषकों को लघु धान्य फसलों के फसल प्रबंधन की भी जानकारी दी गई। कृषकों को प्रशिक्षण में मृदा नमूना लेने की विधि एवं मृदा पोषक तत्वों के महत्वों की जानकारी प्रदान की जाकर इनकी कमी के लक्षण एवं निदान बताये गये।



# वार्षिकोत्सव में छात्रों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

### बचपन एवं एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव

**कटनी, यशभारत।** बरगवां स्थित बचपन प्ले स्कूल अमीरगंज माधवनगर स्थित एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल का संयुक्त वार्षिक उत्सव आयोजित किया गया। वार्षिक उत्सव में कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा दसवीं तक के विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों को अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वार्षिकोत्सव में स्कूल डायरेक्टर मनोज गुप्ता एवं श्रीमती मधु गुप्ता व स्कूल प्रिंसिपल अतुल तिवारी, नागरिक एवं अभिभावक उपस्थित रहे। डायरेक्टर श्रीमती मधु गुप्ता ने स्कूल की विकास प्रक्रिया में प्रकाश डालते हुए बताया कि बचपन स्कूल की देश भर में 1200 एवं एकेडमिक पब्लिक स्कूल की 140 ब्रांच है, जिसका हेड ऑफिस दिल्ली में है। स्कूल में छात्रों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जाता है एवं बच्चों को स्टेज में प्रस्तुति हेतु प्रोत्साहित किया जाता है। वार्षिक उत्सव में छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगिता एवं एक्टिविटी में पुरस्कार भी प्रदान किया गया। नन्हे मुन्नों को स्टेज पर प्रस्तुति करते देख अभिभावक भाव विभोर हो गए। अभिभावको ने एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल व बचपन स्कूल के प्रति अपनी पूर्ण संतुष्टि एवं आभार प्रकट किया। अंत में डायरेक्टर श्रीमती मधु गुप्ता ने अभिभावक एवं समस्त शिक्षकों एवं स्कूल के स्टाफ का कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आभार प्रकट किया।

## छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर निकली शोभायात्रा



### मप्र कुर्मी क्षत्रिय समाज ने बरही में किया आयोजन

**कटनी, यशभारत।** मप्र कुर्मी क्षत्रिय समाज बरही द्वारा वीर छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर न्यू बस स्टैण्ड से शोभायात्रा के रूप में वाहन रैली निकाली गई, जो मुख्य मार्केट, वर्मा पैट्रोल पंप होते हुए शिवा मैरिज गार्डन में समाप्त हुई। यहां आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उमरिया जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल मंचासीन रहीं। अन्य अतिथियों के रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ममता पटेल, जिला पंचायत सदस्य संगीता पटेल, देवसरी इंदौर सरपंच अनुसुईया पटेल, पूर्व जनपद अध्यक्ष विजय पटेल, मप्र कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रदेश सचिव डॉ आर पी पटेल, प्रदेश गौरक्षा समिति सदस्य सुभाष पटेल, ग्रामीण जिलाध्यक्ष रवीन्द्र पटेल, रोहणी पटेल, आर एस पटेल, डॉ आनंद पटेल, रामधनी पटेल, बालकुमार पटेल दादूराम पटेल, जोरावली पटेल सेवानिवृत्त शिक्षक, नारायण पटेल देवसरी इंदौर, दुखभंजन पटेल शिक्षक, इन्द्रपाल पटेल, राजेश पटेल की उपस्थिति रही। अतिथियों ने वीर शिवाजी के तैलचित्र में पुष्पमाला व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों ने समाज में आर्थिक सामाजिक उत्थान, दहेज प्रथा पर रोक, गौ पालन, जैविक खेती व मृत्यु भोज पर रोक को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर मेधावी छात्रों का सम्मान किया गया। डॉ आर बी पटेल ने बताया कि 17 जून को मप्र कुर्मी क्षत्रिय समाज के जिलाध्यक्ष का चुनाव होगा, जिसमें सदस्य ही भाग लेंगे। कार्यक्रम में हरिहर प्रसाद पटेल सरपंच, मकरंद प्रसाद पटेल सरपंच, करौंदी कला, दुर्गा प्रसाद पटेल सरपंच बुजबुजा, बृजमोहन पटेल पिपरिया कला, अमित पटेल, सतीश पटेल, तीरथ पटेल, रवि पटेल, रामानंद पटेल, देवेन्द्र पटेल, संतोष, शिब्बू, नीरज, अशोक, सुभाष, दिनेश, विनोद, रमेश, रविशंकर, मनोज पटेल, राजाराम पटेल, कामता पटेल, टिंकू पटेल देवसरी इंदौर, विवेक पटेल सरपंच पटवारा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन रामकृष्ण पटेल बरही ने किया।

# रीवा को 2 विकेट से हराकर नागपुर सेमीफाइनल में

### लो स्कोरिंग मैच में आखिरी ओव्हर में मिली नागपुर को जीत, मनीष पटेल बने मैन ऑफ द मैच, कल व्हीसीए नागपुर व जबलपुर का मुकाबला

**कटनी, यशभारत।** स्थानीय फारेस्टर प्लेग्राउण्ड में खेले जा रहे अखिल भारतीय विधायक कप क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन कल सोमवार को दूसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में नागपुर की टीम ने श्वासरोधक मुकाबले में रीवा की टीम को 2 विकेट से हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सेमीफाइनल में नागपुर का मुकाबला आज बनखेड़ी से हो रहा है। इसके पहले रीवा डिवीजन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी ईश्वर पांडे की गैरमौजूदगी में रीवा की टीम पहले बल्ले बाजी करते हुए 24.5 ओव्हरों में सभी विकेट खोकर 136 रन ही बना पाई। रीवा टीम की शुरूआत खराब रही। 10 रनों पर दोनों सलामी बल्लेबाज आउट हो चुके थे और इसके बाद भी कोई बल्लेबाज टिककर नहीं खेल पा रहा था। 78 रन पर 8 विकेट गिरने के बाद निचले क्रम के बल्लेबाजों ने दो महत्वपूर्ण साझेदारी करते हुए



टीम को न केवल संकट से निकाला, बल्कि सम्मानजनक स्थिति तक पहुंचाया। रीवा ने 136 रन बनाए। जिसमे ऋषभ ने सर्वाधिक 41 रन एवं वेदांत ने 20 रन बनाए। नागपुर की ओर से मनीष पटेल ने 3, आशुतोष एवं काजी जीशान ने दो-दो एवं रोहित ने एक विकेट लिया। जबावी पारी खेलने उतरी रॉकेट इंटरनेशनल करीम स्पोर्ट्स नागपुर की टीम को इस लक्ष्य को पाने में ऐड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ा। रीवा की शानदार गेन्दबाजी एवं उत्कृष्ट क्षेत्ररक्षण के सामने एक-एक रन के लिए नागपुर को पसीना बहाना पड़ा और मैच आखिरी ओवर की आखिरी गेन्द तक पहुंच गया। जहां नागपुर ने 2 विकेट से जीत दर्ज की। नागपुर की ओर से रॉबिन सिंह ने 53 एवं मोहम्मद करीम ने 24 रन बनाए। रीवा की ओर से आशीष मिश्रा ने 2, रोहित, ऋषभ, संगीत सिंह एवं वेदांत मिश्रा ने एक-एक विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरुस्कार नागपुर टीम के मनीष पटेल को दिया गया। पहला सेमीफाइनल मुकाबला आज नागपुर एवं बनखेड़ी के बीच खेला जा रहा है। कल बुधवार को जबलपुर डिवीजन एवं विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन नागपुर के बीच मैच खेला जाएगा। आज के मैच में बीसीसीआई लेबल वन के अंपायर संदीप बक्श एवं उप्र क्रिकेट एसोसिएशन के रजिस्टर्ड अंपायर सारिक उस्मानी ने अंपायरिंग की।


सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
ऑडी-2 में रोजाना 6 शो ता. 17 से
सुबह 10.30,1.15, 4.15, 6.30,7.15 एवं रात्रि 10.15 बजे से




कलाकार- कार्तिक आर्यन, कृति सेनन, परेश रावल, मनीषा कोइराला आदि।
शहजादा
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज




ऑडी-1 में रोजाना 4 शो ता. 17 से सुबह 11.30 1.45, 4 एवं रात्रि 9.30 बजे से
QUANTUMANIA


# मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना में द्वारिका यात्रा 13 से 18 मार्च तक

**कटनी, यशभारत।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना नियम 2012 के तहत कटनी जिले के वृद्ध नागरिकों को जो कि 60 से 65 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति (महिलाओं को 02 वर्ष की छूट) जो आयकर दाता न हो व जो प्रथम बार यात्रा कर रहा हो, को द्वारिका तीर्थदर्शन की सुलभ यात्रा हेतु आवेदन जमा किया जाना है। अपर कलेक्टर श्री रोमानुस टोप्पो ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति द्वारिका यात्रा हेतु पत्नी-पत्नी, आवेदक- सहायक एवं स्वयं का आवेदक फार्म में चिकित्सकीय प्रमाण पत्र, आधार नंबर, समग्र नंबर, मतदाता परिचय पत्र नंबर एवं वैक्सिनेशन प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा तथा उक्त आवेदन पत्र को नगर निगम,जनपद पंचायत,नगर परिषद कार्यालय अन्तर्गत आवेदन पत्र 01 फरवरी तक जमा कर सकते है। उक्त अवधि के पश्चात आवेदन पत्र जमा नहीं किये जावेंगे।

## मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना आवश्यक दिशा- निर्देश

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गए है। जिसके तहत आवेदक व्यक्ति जो पति-पत्नी दोनों साथ में यात्रा करना चाहते है में महिला को 02 वर्ष की छूट होगी तथा पति-पत्नी का आवेदन एक साथ भरा जाकर फार्म में दिये गये मेडिकल जांच प्रारूप में दोनों का शासकीय अस्पताल का चिकित्सकीय प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।। ऐसे आवेदक जो 65 वर्ष या उससे अधिक उम्र के व्यक्ति है जो अपने साथ यात्रा में सहायक ले जाना चाहते हैं ऐसी स्थिति में सहायक की उम्र कम से कम 18-50 वर्ष की होनी चाहिये साथ ही आवेदक एवं सहायक (दोनों) का स्वास्थ्य परीक्षण, आधार नंबर, मतदाता नंबर,समग्र नंबर एवं कोविड वैक्सिनेशन प्रमाण पत्र अनिवार्य है। योजना के तहत ऐसे आवेदक जो 60 वर्ष (महिलाओं को 02 वर्ष की छूट हैं) उम्र के व्यक्ति है जो स्वयं यात्रा पर जाना चाहते है उनसे भी उपरोक्त आवश्यक दस्तावेज प्राप्त किया जायें। यात्रा में तीर्थ यात्री व सहायक अपने साथ छोटे बच्चों को यात्रा में नहीं ले जा सकते। चयनित यात्रियों को अपने साथ आधार नंबर,मतदाता नंबर, समग्र नंबर एवं कोविड वैक्सिनेशन प्रमाण पत्र एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो रखना अनिवार्य है। प्रस्तावित रेल्वे स्टेशन में स्वयं के साधन से आये तथा यात्रा उपरांत उक्त स्टेशन से स्वयं के साधन से अपने निवास स्थान पर जाना होगा। सर्व संबंधित कार्यालय प्रमुखों को यह भी निर्देशित किया जाता है कि वे प्रस्तावित रेल्वे स्टेशन परिसर में अपने कार्यालय का काउंटर, बैनर एवं सहायता केन्द्र की अवश्य व्यवस्था करें जिससे यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। चयनित यात्रियों को यात्रा ट्रेन में सुरक्षित बैठाने हेतु जिन कर्मचारियों की डियुटी लगाई जाती है उक्त कार्मचारी का नाम, मोबाइल नंबर जिला कार्यालय ( सामान्य शाखा) में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि संबंधित कर्मचारी से अवश्यकता होने पर सम्पर्क किया जा सके। संबंधित कार्यालय प्रमुखों को निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करनें के निर्देशित किया गया है।





कार्यक्रम में आशीर्वाद देने पहुंचे ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी

## डायरेक्टरी अरुणोदय 2023 का विमोचन

अतिथियों ने समारोह के समापन पर यशभारत की टेलीफोन डायरेक्टरी अरुणोदय 2023 का विमोचन किया। इस मौके पर सम्मानीय अतिथियों को स्मृति चिन्ह आयोजन समिति के सदस्यों के द्वारा भेंट किया।

# 70 के दशक के पत्रकार शहर को दिशा देते थे:तन्खा



**जबलपुर, यशभारत।** प्रमुख अतिथि राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने कहा कि प्रिय आशीष को बहुत सारा आशीष। कोरोना काल में जगत बहादुर सिंह के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा अन्नू लोगों के चहेते महापौर हैं। उन्होंने पूर्व महापौर प्रभात साहू के कार्यकाल को भी याद किया, जब 200 करोड़ का ब्रिज का प्रोजेक्ट स्वीकृत कर दिल्ली से भिजवाया। उन्होंने एसपी की अनुशासन प्रियता के लिए उन्हे साधूवाद दिया और शिक्षा के क्षेत्र में कुलपतियों के योगदान को सराहा। उन्होंने कहा कि आशीष शुक्ला यह पुनीत कार्य ऐसे लोगो के हाथ से कराते है जिनके हाथ इतने साफ हैं। सम्मानित पत्रकारों को बहुत बधाई देते हुए कहा कि आप सबने अपने लिए सम्मान मांगा नहीं था, जनता ने चुनकर आपको सम्मानित किया।मैं अरुण शुक्ल जी को तबसे जानता था जब वो युगधर्म में थे। 70 कि दशक में हम कॉलेज में थे। उस वक्त ऐसे पत्रकार थे जो शहर को दिशा देते थे। दो तरह के पत्रकार होते थे। पहले वो जो अपनी संपादकीय के लिए जाने जाते और दूसरे वो पत्रकार जो नेताओं को चलाते थे। शरद यादव के पॉलिटिकल कॅरियर में पत्रकारों का ही योगदान रहा। शरद जी ने अपना नॉमिनेशन जेल से भरा था। इसी तरह अरुण शुक्ला जी ने 80 के दशक में मुंदर शर्मा जी को चुनाव लड़वाया था। पर ये सारे लोग अपना रोल ईमानदारी से निभाते थे। ठेके की राजनीति नहीं थी। आशीष और रश्मि अपने परिवार को लेकर चलते हैं। पत्रकार कार्तिकेय शर्मा किसी कारण से नहीं आ पाए। लेकिन देश के बड़े पत्रकारों ने इस कार्यक्रम में आने में रुचि दिखलाई हैं। यह एक साधारण मंच नहीं रह गया। पूरे साल इस समारोह का इंतजार करते है, जैसे ये कोई शासकीय कार्यक्रम हो क्योंकि इसमें जो चयन होता है वो निष्पक्ष तरीके से होता है। आशीष का कोई हाथ चयन में नहीं होता। भविष्य में इस कार्यक्रम को और ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। उन्होंने आशीष को आशीष देते हुए कहा कि ऐसे भी बच्चे होते है जो अपने पिता और माता की यादों में अपना सबकुछ झोंक देते हैं।


अतिथियों का सम्मान

कार्यक्रम को लेकर उत्साहित दिखी याशिका ईशानी

## आपका स्नेह और समर्पण का प्रभाव



स्वागत भाषण डॉ. श्रीमति रश्मि शुक्ला ने दिया। उन्होंने कहा कि सम्मानीय च्मंच का आतिथ्य स्वीकार कर हम सबको अभिभूत करते सम्मानीय आत्मीय अतिथियों का हम स्वागत करते हैं अभिनंदन करते हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष माननीय श्री विवेक तखा जी, सम्मानीय अतिथि गणों का आत्मीय अभिनंदन करते हैं। पुरखों की कृपा का वरद हस्त लिए माननीय आशीष जी के आत्मीय संबंधों ओर आपके स्नेह और समर्पण के प्रभाव से अनवरत 28 वर्षों का इतिहास लिए यह आयोजन अपनी भव्यता की ओर बढ़ता चला गया। पत्रकारिता के वर्तमान स्वरूप पर चिंतन और संवाद के साथ-साथ वीणा वादिनी के आशिषों से अभसिंचित पत्रकारों का एवम समाज सेविकाओं का सम्मान करने जा रहे है जिसके आप सभी साक्षी होंगे।

## इनने किया स्वागत

अतिथियों को स्वागत डॉ. श्रीमति रश्मि शुक्ला, अवधेश कटारे,सतीश उपाध्याय पर्व जायसवाल, अवधेश कटारे,आदित्य पंडित अभिषेक शुक्ला–, अजेय शुक्ला, सौरभ शुक्ला, सतीश सोंधिया योगेश अग्रवाल, आशीष तिवारी, रवि चौबे, प्रेमनारायण पाण्डे, अंकित शुक्ला अस्तित्व शुक्ला व अर्थ शुक्ला ने किया।



## कुशल मंच संचालन

आयोजन में चिर-परिचित अंदाज में अजय पांडे ने कुशल मंच संचालन कर लोगों की तालियां बटोरीं। वहीं बबलू केसरवानी व आदित्य विश्वकर्मा के सहयोग से कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कराया गया।

## दिलों को जोड़ता है यह कार्यक्रम : महापौर



महापौर जगतबहादूर सिंह अन्नू ने कहा कि अरुणोदय समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों का अभिवादन करते हुए कहा कि अरुणोदय इसलिए जाना और माना जाता है क्योंकि इसमें बहुत से खूबियां है। एक तो आशीष जी श्रवण कुमार की भूमिका में पत्रकारों का सम्मान। और उनकी पत्नी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान करती हैं। सभी वर्ग के लोगो को जोड़कर एक गुलदस्ता तैयार होता है। यहां पत्रकार प्रेरणा लेकर जाते है। यशभारत आज भी इस भावना से वितरित होता है कि उनका पाठक पढ़ेगा, उनका ग्राहक नहीं। अखबार जब ग्राहक के पास जाता है तो मूल्यों में गिरावट हो जाती है। यह कार्यक्रम दिलों को जोड़ता है। वरिष्ठ पत्रकार इसमें चयन करते है। सूक्ष्मता से अच्छे नाम निकालकर लाते है उनको धन्यवाद।

## अरुण शुक्ला ने जीवंतता के साथ पत्रकारिता की: प्रभात साहू



जबलपुर नगर भाजपा अध्यक्ष प्रभात साहू ने अपने उद्बोधन में विवेक तन्खा से कहा कि लोग ऊपर उठते है तो अपने शहर को भूल जाते लेकिन अपने मित्र का सम्मान रखने आप हमेशा आते है। कॉलेज के जमाने में रात्रि में कोई परेशानी होती तो अरुण शुक्ला जी की याद आती थी। उन्होंने जीवंतता के साथ पत्रकारिता की। उनका बहुत स्नेह सबके साथ था। आशीष भाई ने उस विरासत को खूबी के साथ संभाला। बड़ी गंभीरता से पत्रकारों का चयन करते है। प्रतिभाओं को खोजकर लाना। समाज का नकारात्मक वातावरण मीडिया ही बदल सकता है। समाज को दिशा देने का काम आप सब कर सकते है। शुक्ला परिवार से 35 साल से जुड़ा हूं। आशीष जी मुझे हमेशा बेहतर सुझाव देते है।

## आलोचना की जगह समालोचना होना चाहिए : कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन



कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने कहा कि यशभारत परिवार का धन्यवाद। पत्रकारों को बधाई देता हूँ। अपने अच्छा काम किया है इसलिए आपका चयन। लोकतंत्र के लिए मीडिया महत्वपूर्ण स्तम्भ है। ताकत का सदुपयोग होना चाहिए। मीडिया अपनी ताकत का सकारात्मक इस्तेमाल करे। आलोचना की जगह समालोचना होना चाहिए। जबलपुर का मीडिया अपनी जागरूकता और सकारात्मकता के लिए जाना जाता है। हम अपने जिले, अपने देश, अपने प्रदेश को आगे ले जाने में मीडिया सहयोग करे।

## आशीष शुक्ला आज के युग के श्रवण कुमार : एसपी बहुगुणा



एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा ने कहा कि सबसे पहले यशभारत परिवार का आभार। पत्रकार का कार्य कठिन। 24 घण्टे का काम। कोरोना काल में पत्रकार भी उतने ही एक्टिव रहे। हम लोग को तो बहुत सम्मान मिलते है पर पत्रकारों के लिए यह मंच अहम। आशीष शुक्ला आज के युग के श्रवण कुमार। आदिकाल से पत्रकारिता की अपनी भूमिका थी। जबलपुर की पत्रकारिता बहुत मजबूत है। जिन पत्रकारों का निधन हुआ हम उनको आज याद करते है। पत्रकारों ने पुलिस को बहुत सहयोग किया कानून व्यवस्था में उसके लिए हम विभाग की ओर से जबलपुर बाकी मीडिया के आभारी हैं।

## ये हुए सम्मानित व पुरस्कृत



### वरिष्ठ पत्रकारिता सम्मान

श्री अरुण शुक्ल स्मृति वरिष्ठ पत्रकारिता सम्मान के लिए जयलोक के सच्चिदानंद शेकटकर को प्रदान किया गया।





### युवा पत्रकारिता पुरस्कार

युवा पत्रकारिता पुरस्कार दैनिक भास्कर के सुधीर श्रीवास,पत्रिका के वीरेन्द्र रजक, नई दुनिया के अमित सोनी, यशभारत के नीरज उपाध्याय को प्रदान किया गया।

### श्रीमती माया देवी श्रेष्ठ महिला पत्रकारिता पुरस्कार



श्रीमती माया देवी श्रेष्ठ महिला पत्रकारिता पुरस्कार से अंग्रेजी दैनिक हितवाद की श्रीमती आस्था ब्यौहार को नवाजा गया।

### इलेक्ट्रानिक मीडिया के लिए



इलेक्ट्रानिक मीडिया के लिए श्रेष्ठ पुरस्कार से एएनआई के राकेश श्रीवास को नवाजा गया।

## इनको मिला सर्वश्रेष्ठ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सम्मान



समारोह में श्रीमती सुशीला शुक्ला की स्मृति में महिला एवं बाल विकास विभाग से चयनित दो सर्वश्रेष्ठ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए श्रीमती निधि ठाकुर और श्रीमती नीतू केवट को भी शॉल श्रीफल, प्रतीक चिन्ह और सम्माननिधि से सम्मानित और पुरस्कृत किया गया।

## पत्रकारिता ही दिशा देने का काम करती है : डॉ कपिलदेव मिश्रा



विशिष्ट अतिथि डॉ कपिलदेव मिश्रा ने कहा कि 8 वर्षों से में इस कार्यक्रम से जुड़ा हूं। सच में 27 वर्षों से यह यात्रा जीवंत चल रही है। पिता की विरासत को कोई आगे बढ़ाता है तो वही पुत्र और परिवार के लोग संस्कारित कहलाते हैं। वर्तमान समय में पत्रकारिता चुनौती है। कठिन समय है। पत्रकारों की लेखनी लोगों को न्याय दिलाने की तरफ आगे बढ़ रही है। समाज में प्रबोधन की बात हो या उद्बोधन की, पत्रकारिता ही दिशा देने का काम करती है। आशीष शुक्ला जी को ऐसे संस्कार मिले कि वो संस्कारधानी के हर वर्ग के लोगों को जोड़ पा रहे हैं। हम साधुवाद देते है शुक्ला परिवार और यशभारत परिवार को।

## माता-पिता के स्मरण का यह आयोजन अनुकरणीय : डॉ पीके मिश्रा



जेएनकेविवि के कुलपति डॉ पीके मिश्रा ने कहा कि सम्मानित पत्रकारों का अभिनंदन। आशीष शुक्ला का इस बात का आभार की माता पिता के स्मरण के लिए कार्यक्रम आयोजित कर पत्रकारों का सम्मान करते हैं। पूरे शुक्ला परिवार का यह आयोजन अनुकरणीय है।

## पत्रकारिता के जरिये सच समाज के सामने आता है : डॉ एसपी तिवारी



नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विवि के कुलपति डॉ एसपी तिवारी ने कहा कि आज वास्तव में जिन पत्रकारों ने बेहतर कार्य किया उनको बधाई। पत्रकारिता के जरिये सच समाज के सामने आता है। समाज के उत्थान के लिए पत्रकारिता अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। आगे भी अच्छी पत्रकारिता देखने मिलेगी।

## हर व्यक्ति के माता-पिता को प्रणाम



आभार करते हुए कार्यक्रम के संयोजक आशीष शुक्ला ने कहा कि इस व्यस्ततम दुनिया में आप समय देते है जो अहम बात है। अतिथियों और आगन्तुकों का आभार। यह कार्यक्रम लोगों के दिलो तक जा पहुंचा है। सबका आभार। श्री शुक्ला ने आभार के दौरान सभी के माता पिता को प्रणाम करते हुये कहा की बुजुर्गों के आशीर्वाद से ही इस तरह के कार्यक्रम हो सकते हैं।





## ये है चयन समिति

श्रेष्ठ पत्रकारों का चयन शहर के प्रतिष्ठित संपादकों की चयन समिति जिनमें हिन्दी एक्सप्रेस के संपादक रविन्द्र वाजपेयी, दैनिक भास्कर के समाचार संपादक पंकज शुक्ला, पत्रिका के संपादक राजेन्द्र गहरवार, नई दुनिया के संपादक जितेन्द्र रिछारिया,यशभारत के संपादकीय प्रभारी प्रवीण अग्रहरि ने किया।

## आयोजन समिति

आयोजन समिति में सतीश उपाध्याय, शरद जैन (पूर्व मंत्री म.प्र. शासन) उदयभान सिंह, पर्व जायसवाल, राजुल करसोलियाअवधेश कटारे, आदित्य पंडित, अखिलेश शुक्ला आशीष शुक्ला, अभिषेक शुक्ला, अजेय शुक्ला, सौरभ शुक्ला अर्पित शुक्ला, अंकित शुक्ला, रूझान उपाध्याय, त्वरित उपाध्याय प्रखर, मोनिका, साक्षी, अस्तित्व, अर्थ, सांझ, यशिका ईशानी शामिल रहे।

## समाज के हर वर्ग के लोग रहे उपस्थित

कार्यक्रम में विधायक तरूण भनोत, विनय सक्सेना ,लखन घनघोरिया, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज,नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल , रेडक्रास सोसायटी के उपाध्यक्ष सौरभ बड़ेरिया ,समाज सेवी सतेन्द्र जैन जुग्गू, डॉ अभिलाष पांडे, कदीर सोनी ,डॉ पुष्पराज पटैल , संयुक्त संचालक स्वास्थ्य डॉ संजय मिश्रा ,डॉ सुनील मिश्रा , डॉ. शब्बीर हुसैन, ख्याति लब्ध आर्कीटेक्ट अनुराग श्रीखंडे, डॉ पुष्पराज बघेल कुलसचिव एमयू, सचिन कुचया परीक्ष नियंत्रक, एस सी ददरया ,शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, दिनेश यादव , सुश्री मधु यादव, कमलेश रावत, आलोक मिश्रा, वीरेन्द्र चौबे, झल्लेलाल जैन, आलोक गुप्ता, डॉ मयंक चंसौरिया , राजकुमार गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समर वर्मा, समेत मीडिया जगत के विशिष्ट जनों के साथ ही बड़ी संख्या में प्रेस कर्मी जनप्रतिनिधि राजनैतिक, सामाजिक और व्यवसायिक संगठनों के लोग व प्रशासनिक व पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।

## त्रयोदशी संस्कार 22/2/2023



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी श्री रमा शंकर चौबे (पिता स्व. श्री शीलता प्रसाद चौबे) का स्वर्गवास दिनांक 10/02/2023 शुक्रवार को हो गया है। ब्रम्हलीन आत्मा की शांति हेतु

गंगाजली, त्रयोदशी संस्कार दिनांक 22/02/23 बुधवार

को दोपहर 12 बजे से सायं 8 बजे तक रखा गया है उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए परमपिता से प्रार्थना करें।

**कार्यस्थल**

804 पत्रकार अरूण शुक्ला मार्ग, शंकर घी भंडार नामदेव का बाड़ा, जबलपुर (मप्र)

**शोकाकुल**

पत्नी- श्रीमति सविता चौबे, पुत्र- अविनाश चौबे, शिवम चौबे
भाई- रवि चौबे, अंकित चौबे एवं समस्त चौबे परिवार
7804887888, 9981958513

## शासकीय भूमि पर पट्टे देने की पात्रता तिथि बढ़ाई

# प्राकृतिक आपदा में मुआवजे की राशि में बढ़ोतरी की

**भोपाल , यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कई अहम प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। इसमें नगरीय प्रशासन विभाग के शासकीय भूमि पर पट्टे देने की तारीख को बढ़ाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। इसके अलावा सतना के नवीन मेडिकल कॉलेज के लिए 1589 पदों, सड़कों के कार्याकल्प के लिए 4,160 करोड़ और प्राकृतिक आपदा में मुआवजे की राशि में बढ़ोतरी की गई हैं। इसकी जानकारी गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने दी।**

शासकीय भूमि पर पट्टे देने की पात्रता तिथि बढ़ाई

नगरीय प्रशासन विभाग के प्रस्ताव शासकीय भूमि, नजूल भूमि, स्थानीय निकाय प्रांगणों में निवासरत गरीबों के आवासीय पट्टे देने की पात्रता तारीख को बढ़ाने का निर्णय लिया गया। कैबिनेट ने 31 दिसंबर 2014 के स्थान पर 31 दिसंबर 2020 तक पात्रता तिथि स्वीकृत करने का निर्णय लिया है। इसके अलावा मंत्रि-परिषद ने नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 एवं मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की कतिपय धाराओं में संशोधन किये जाने के लिए म.प्र. नगर पालिक विधि (संशोधन) विधेयक 2023 को मंजूरी दी है। यह विधेयक विभाग के अंतर्गत प्रशासित समस्त अधिनियमों के प्रावधानों को डिक्रिमिनालाइज करने के संबंध में लाया जा रहा है।4738 कि.मी. सड़कों का कायाकल्प करने के लिए लोक निर्माण विभाग को 4 हज़ार 160 करोड़ रुपए की अतिरिक्त स्वीकृति प्रदान की है। प्रदेश को उच्च गुणवत्ता की सड़कें प्रदान करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग को उपलब्ध बैंक ऑफ सैक्शन (सूचकांक पर आधारित) की सीमा में एक मुश्त छूट प्रदान की गई है।

### ग्वालियर में नवीन ग्रामीण तहसील को मंजूरी

कैबिनेट ने ग्वालियर में नवीन तहसील ग्वालियर ग्रामीण के सृजन को मंजूरी दी है। इस नई तहसील में 36 पटवारी हलके शामिल होंगे। साथ ही नवीन तहसील के लिए एक तहसीलदार, एक नायब तहसीलदार, एक सहायक ग्रेड-2 (प्रवाचक), दो सहायक ग्रेड-3, 3 भृत्य इस प्रकार कुल 8 पद की स्वीकृति दी हैं।कैबिनेट ने नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, सतना के संचालन हेतु शासकीय सेवा के नियमित स्थापना के 1 हजार 92 पद तथा आउटसोर्स सेवाओं के 497 पद इस प्रकार कुल 1 हजार 589 नवीन पदों की स्वीकृति प्रदान की है। सतना में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल के निर्माण से प्रदेश के छात्रों के लिये चिकित्सा क्षेत्र के स्नातक पाठ्यक्रम की अतिरिक्त 150 एम.बी.बी.एस.सीट्स उपलब्ध होगी। इसके साथ ही सतना जिले के साथ-साथ आस-पास की जनता को तृतीयक स्तर की चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध हो सकेगीं।

### प्राकृतिक आपदा की सहायता में बढ़ोतरी

आरबीसी 6-4 के मापदंड में भी संशोधन करके प्राकृतिक आपदा की सहायता में बढ़ोतरी की है। जैसे भूस्खलन, हिमस्खलन, नदियों के रास्ता बदलने के कारण सीमांत या लघु कृषक के भूमि स्वामित्व की भूमि के नष्ट होने पर राहत 37 हजार 500 रुपए के स्थान पर 47 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर कर दिया गया हैं। दुधारू पशु भैंस गाय/ऊंट/याक/मिथुन आदि के लिए राहत राशि 30 हजार प्रति पशु के स्थान पर 37 हजार 500 रुपए किया जाएगा एवं भेड बकरी/सूअर के लिए राहत 3 हजार रूपये के स्थान पर 4 हजार रूपए दिया जायेगा। गैर-दुधारू पशु ऊंट/घोडा/बैल/भैंसा आदि के लिए राहत राशि 25 हजार रूपये प्रति पशु के स्थान पर 32 हजार रुपए प्रति पशु एवं बछडा (गाय, भैंस)/ गधा /पोनी/ खच्चर हेतु राहत 16 हजार रूपए प्रति पशु के स्थान पर 20 हजार रूपए दिया जाएगा। अस्थायी पशु शिविर-अस्थायी पशु शिविर में रखे गये।

## वाणिज्य विभाग की लोक सूचना अधिकारी और असिस्टेंट कमिशन पर जुर्माना

### पहली बार मात्र दो दिन में हुई पूरी सुनवाई

**भोपाल, ईएमएस।** मध्य प्रदेश राज्य सूचना आयुक्त राहुल सिंह ने वाणिज्य विभाग की लोक सूचना अधिकारी और असिस्टेंट कमिश्न पर जुर्माना लगाया है। उन्होंने एक अहम निर्णय में अधिकारी और कर्मचारी के नियुक्ति पत्र और उसकी पदस्थापना की जानकारी के आरटीआई अधिनियम के अधीन करार दिया है। सिंह ने जानकारी को गलत ढंग से रोकने के लिए लोक सूचना अधिकारी और असिस्टेंट कमिश्नर भावना शर्मा पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शासकीय सेवा में नियुक्ति की प्रक्रिया पारदर्शी होने के लिए यह बेहद जरूरी है कि नियुक्ति की जानकारी आरटीआईके तहत दी जाए। वाणिज्यिक कर विभाग का पहले जानकारी देने से इनकार सतना के आरटीआई आवेदक विकास मिश्रा ने एक आरटीआई लगाकर वाणिज्यिक कर विभाग सतना में कार्यरत एक कर्मचारी गजेंद्र मिश्रा की नियुक्ति पत्र और पदस्थापना की जानकारी मांगी। लेकिन विभाग में कार्यरत भावना शर्मा ने आपत्ति जताते हुए विकास मिश्रा को जानकारी देने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि चाही गई जानकारी गजेंद्र मिश्रा की व्यक्तिगत जानकारी है। इसके बाद मामला प्रथम अपील में विभाग के ही संभागीय उपायुक्त के पास पहुंचा। उपायुक्त ने मामले में जानकारी देने के आदेश जारी कर दिए। लेकिन इस आदेश के बावजूद भी लोक सूचना अधिकारी ने जानकारी नहीं दी।अधिकारी गजेंद्र मिश्रा ने प्रथम अपीलीय अधिकारी के आदेश के विरुद्ध जानकारी नहीं देने के लिए राज्य सूचना आयुक्त राहुल सिंह के समक्ष एक अर्जेंट द्वितीय अपील दायर कर दी। वहीं, जानकारी मांगने वाला पक्ष भी राज्य सूचना आयोग के समक्ष जानकारी देने की गुहार लेकर पहुंच गया।

## पत्थर से सिर कुचलकर की हत्या, सड़क किनारे मिला शव

**भोपाल, ईएमएस।** सीहोर में सोमवार की सुबह इंदौर. भोपाल हाइवे पर खेत में एक शव मिलने से सनसनी फेल गई। शव का सिर भारी पत्थर से कुचल दिया गया था। मामले की सूचना मिलते ही 100 डायल और मंडी पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं घटना स्थल से थोड़ी ही दूरी पर सड़क किनारे झाड़ियों में मृतक की बाइक भी पड़ी थी।जानकारी अनुसार इंदौर भोपाल रोड पर राधेश्याम विहार के पास खाली खेत में एक युवक का शव मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त ग्राम हसनाबाद निवासी दीपक उर्फ राजपाल पिता विनोद वर्मा के रूप में की है जो एक फाइनेंस कंपनी में काम करता था। देखने मे हत्या देर रात की लग रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। वहीं एक अन्य मामले में एक व्यक्ति ने घर मे आत्महत्या की है।

## राजस्थान से कार में आती थी महिला चोरों की गैंग

**वारदात कर हो जाती थी रफूचक्कर, आठ महिलाएं गिरफ्तार**

**भोपाल, ईएमएस।** रतलाम पुलिस ने शातिर महिला चोर गिरोह को पकड़ा है। महिलाओं का यह गिरोह चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए कार से राजस्थान से मध्य प्रदेश आता था और यहां पर वारदात को अंजाम देकर लौट जाता था। पुलिस ने गिरोह की 8 महिला सदस्यों के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में गैंग की सरगना कालीबाई पति रमेश निनामा (48) निवासी कुआनिया जिला बांसवाड़ा (राजस्थान) को मौके से पकड़ा था, जिससे पूछताछ में उसने अन्य साथियों के नाम बताए थे। पुलिस ने उसकी साथी कृष्णा पति नटवर निनामा (22), सुकली पति शिवा निनामा (32) निवासी बांसवाड़ा, कैलाश पति कल्पेश निनामा (40) निवासी नीम का थाना, शीला पति ईश्वर मईड़ा (30) निवासी पिपलवा, मोगी पति राजू खराड़ी (35) निवासी भूतिया डूंगरा, सेमली पति रावजी मईड़ा (35) निवासी उदयपुरा, मीरा पति गौतम मईड़ा (60) निवासी पिपलवा व अशोक पिता हीरालाल मईड़ा निवासी सात तलाई को पकड़ा है। सभी राजस्थान बांसवाड़ा के निवासी है, पुलिस ने सभी को जेल भेज दिया है।अंतरराज्यीय महिला चोर गिरोह से पुलिस ने बीते दिनों शिवगढ़ क्षेत्र में एक बस में सवार महिला के बैग से चुराए गए 2 लाख रुपये में से 1 लाख 10 हजार रुपये भी बरामद किए हैं। गिरोह के सदस्य कार में सवार होकर राजस्थान के बांसवाड़ा जिले से मध्य प्रदेश के समीपस्थ जिले रतलाम आती थीं और अलग-अलग हिस्सों में जाती थीं। महिलाएं बस में सवार होती थीं और ऐसे यात्रियों पर नजर रखती थीं जो कि आभूषण या नगदी लेकर चल रहे हों और फिर उन्हें शिकार बना लेती थीं। काम होने के बाद ये बीच रास्ते में बस रुकवाकर उतरती थीं और अपनी अन्य महिला साथी को बुलाकर कार में बैठ फरार हो जाती थीं।



## दक्षिण अफ्रीका के तीन चीते विशेषज्ञों की सलाह से खुले जंगल में छोड़े जाएंगे

**भोपाल, यशभारत।** नामीबिया से सितंबर 2022 में लाकर कूनो पार्क में बसाए गए आठ में से तीन चीतों को खुले जंगल में छोड़ा जाना है। स्वास्थ्य की दृष्टि से यह चीते पूरी तरह से फिट भी हैं, पर मादा चीता सासा के बीमार होने के कारण प्रक्रिया रोक दी गई थी। अब दक्षिण अफ्रीका से लाए गए चीतों के साथ आए विशेषज्ञों से सलाह ली जाएगी, यदि वे तैयार हुए तो एक चीते को फरवरी अंत तक खुले जंगल में छोड़ा जा सकता है। इनकी जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम से मानीटरिंग की जाएगी। हालांकि जिन चीतों को नामीबिया में भी बाड़ों में रखकर पाला गया, उन्हें जंगल में नहीं छोड़ा जाएगा। कूनो पार्क में रहे नामीबिया के विशेषज्ञ वहां के जंगल से पकड़कर लाए गए चीतों को जंगल में छोड़ने के लिए पूरी तरह से फिट बता रहे हैं। अब 18 फरवरी को 12 चीतों को लेकर आए दक्षिण अफ्रीका के विशेषज्ञों से द्वितीय अभिमत (सेकंड ओपिनियन) लिया जा रहा है। ये विशेषज्ञ अगले कुछ दिन चीतों को देखेंगे और वे बताते हैं कि चीते पूरी तरह से फिट हैं और उन्हें खुले जंगल में छोड़ा जा सकता है, तो नामीबिया से लाए गए एक नर चीते को इसी माह जंगल में छोड़ दिया जाएगा। इसके बाद जंगल में चीतों को छोड़ने का निर्णय इस चीते की स्थिति पर निर्भर करेगा। यदि ये खुले जंगल में शिकार करने और शिकारी वन्यप्राणियों से बचने में सफल रहता है, तो डेढ़ माह बाद एक मादा चीते को भी छोड़दिया जाएगा।

## नगर निकायों की सड़कों के कायाकल्प का अभियान

### सीएम शिवराज 750 करोड़ रुपये करेंगे स्वीकृत



**भोपाल , ईएमएस।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 413 नगर निकायों की सड़कों के कायाकल्प अभियान के लिए 750 करोड़ रुपये स्वीकृत करेंगे। वे 20 फरवरी को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार में सुबह 11 बजे प्रथम किस्त के रूप में 350 करोड़ रूपये सिंगल क्लिक से जारी करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री नगर निकायों के जन-प्रतिनिधियों से संवाद भी करेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज की ओर से कायाकल्प अभियान की घोषणा 19 दिसंबर 2022 को की गई थी। जनसंख्या के आधार पर दी जाएगी राशि नगर विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बताया कि नगर निकायों की सड़कों के उन्नयन के लिए जनसंख्या की श्रेणी के आधार पर राशि दी जाएगी। 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगरों के लिए 25 करोड़, दो लाख 10 लाख तक की जनसंख्या वाले नगरों को सात करोड़, एक से दो लाख तक की जनसंख्या पर तीन करोड़, 50 हजार से एक लाख तक की जनसंख्या पर दो करोड़ 50 लाख, 30 से 50 हजार तक की जनसंख्या पर एक करोड़ 60 लाख, 20 से 30 हजार तक की जनसंख्या पर एक करोड़ और 20 हजार से कम जनसंख्या वाले नगरों को 50 लाख रुपए दिए जाएंगे। कार्यों की निगरानी के लिए राज्य संचालनालय और संभाग स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा। गुणवत्ता नियंत्रण के लिए संभाग स्तरीय मोबाइल टेस्टिंग लैब की स्थापना की गई है। राज्य स्तरीय क्वालिटी मॉनीटर्स मनोनीत कर दिए गए हैं। साथ ही निकायों की ओर से प्रस्तुत सिटी रोड एक्शन प्लान को अनुमोदित कर दिया गया है। शहरों के जिन मार्गों में आवागमन अधिक होता है, उनका उन्नयन प्राथमिकता से किया जाएगा।

## मेजबान भोपाल बना उपविजेता, केरल ने जीता एसबीआई इंटर सर्कल फुटबाल टूर्नामेंट

**भोपालयश भारत।** आल इंडिया एसबीआई इंटर सर्कल फुटबाल टूर्नामेंट केरल ने जीत लिया है। फाइनल में केरल ने मेजबान भोपाल पर 5-0 से आसान जीत दर्ज कर खिताब पर अधिकार जमाया। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) में भोपाल मंडल की वृत समिति के द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला भोपाल सर्कल और केरल सर्कल के बीच खेला गया। मैच में केरल ने शुरू से ही आक्रामक शुरुआत की। मैच का पहला गोल दूसरे ही मिनट में केरल के उस्मान ने शानदार गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे किया। मैच के 17वें मिनट में केरल के शजीर ने केरल को 2-0 की बढ़त दिलाई। मैच के 33वें मिनट में मार्टिन जान ने बेहतरीन गोल कर अपनी टीम को 3-0 से आगे कर दिया। केरल के असलम ने 40 वें मिटन भोपाल के खिलाड़ियों को छकाते हुए गोल दागा और अपनी टीम को 4-0 की बढ़त दिला दी।

## बाथरूम से निकलते ही प्रापर्टी ब्रोकर को दूसरी पत्नी ने मारी गोली, मौत

भोपाल यशभारत। अशोका गार्डन की 80 फीट रोड स्थित मयूर विहार कालोनी में रविवार दोपहर करीब साढ़े चार बजे एक प्रापर्टी ब्रोकर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या से पहले उसके साथ रह रही पत्नी के साथ मारपीट भी की गई। हत्या का आरोप मृतक की दूसरे नंबर की पत्नी पर लगा है। घटना के समय आरोपित महिला के साथ उसका बेटा और पांच लोग भी थे। हत्या का कारण संपत्ति विवाद है। हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस आरोपितों की तलाश में लगी है।अशोका गार्डन थाना पुलिस के मुताबिक 80 फीट रोड की मयूर विहार कालोनी में 50 साल के ताहिर खान अपनी 24 साल की कथित चौथी पत्नी हुयुमा के साथ रहते थे। ताहिर खान प्रापर्टी ब्रोकर का काम करते थे। उनके साथ रह रही पत्नी हुयुमा जिला कोर्ट में वकालत करती हैं।

## लालघाटी से बैरागढ़ तक सोमवार दोपहर बाद नहीं चलेंगी बसें, परेशानी से बचने यहां जाने से बचें

भोपाल यशभारत। सोमवार को शहीद हेमू कालानी स्टेडियम, संत हिरदाराम नगर में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है।

जिसके चलते दोपहर तीन बजे से आवश्यकतानुसार कुछ मार्ग परिवर्तित रहेंगे। ट्रैफिक थाना पुलिस के मुताबिक कार्यक्रम के दौरान लालघाटी चौराहा से बैरागढ़ नाका तक यातायात का अत्याधिक दबाव रहेगा।- कार्यक्रम भोपाल से इंदौर मार्ग पर होने से भोपाल शहर एवं इंदौर/देवास की ओर से आवागमन करने वाले वाहन लालघाटी से नरसिंहगढ़ तिराहा, गांधीनगर तिराहा, एयरपोर्ट तिराहा, मुबारकपुर चौराहा नया बायपास, भौंरी, खजूरी सड़क बायपास मार्ग का उपयोग कर आवागमन कर सकेंगे।

- कार्यक्रम भोपाल से इंदौर मार्ग पर होने से भोपाल शहर एवं इंदौर/देवास की ओर से आवागमन करने वाले वाहन भारत माता चौराहा से भदभदा,साक्षी ढाबा तिराहा, नीलब? तिराहा,बरखेडा नाथू, मुगालिया छाप, खजूरी स?क मार्ग का उपयोग कर आवागमन कर सकेंगे। - लालघाटी चौराहा से हलालपुर बस स्टैंड, बैरागढ़ मार्ग पर यातायात का दबाव होने से इस मार्ग पर लोक परिवहन, अनुमति प्राप्त भारी वाहन एवं अन्य भारी वाहनों का आवागमन आवश्कतानुसार प्रतिबंधित रहेगा।

### नई शराब नीति में दिखा उमा का विरोध

# प्रदेश के सभी अहाते और शॉप बार होंगे बंद

**भोपाल , यशभारत।** मध्य प्रदेश की 2023-24 की नई शराबनीति को रविवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट ने स्वीकृति दे दी है। नई शराब नीति में सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की मांगों को पूरा किया है। सरकार ने प्रदेश के सभी अहाते और शॉप बार बंद करने का निर्णय लिया है। इनकी संख्या करीब 2611 है। नई शराब नीति 1 अप्रैल 2023 से लागू होगी। कैबिनेट की बैठक के बाद गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने मीडिया को बताया कि शराब को हतोत्साहित करने की दिशा में मुख्यमंत्री लगातार आगे बढ़ रहे हैं। 2010 से आज तक मध्य प्रदेश के अंदर कोई नई शराब की दुकान नहीं खोली गई। जबकि कई बंद की गई। नर्मदा सेवा यात्रा के दौरान प्रदेश में 64 दुकानें बंद की गई। इस वर्ष भी आबकारी नीति में शराब को हतोत्साहित किया गया है। बता दें कि प्रदेश में 2022-23 में आबकारी विभाग ने 13500 करोड़ राजस्व का अनुमान लगाया था, जिसमें से जनवरी 2023 तक 9000 करोड़ के करीब राजस्व मिल चुका है। नई शराब नीति 1 अप्रैल



2023 से लागू होगी।

### नई शराबनीति में ये रहेगा खास

प्रदेश के सभी शराब के अहाते बंद किए जा रहे हैं। अब कोई अहाता प्रदेश में चालू नहीं रहेगा।सभी शॉप बार भी बंद किए जा रहे हैं। मदिरा दुकानों में बैठ कर पीने की अनुमति नहीं होगी।धार्मिक संस्थान, गर्ल्स हॉस्टल और सभी प्रकार की शैक्षणिक संस्थानों के आसपास शराब की दुकानों का दायरा 50 मीटर से बढ़ाकर 100 मीटर किया जा रहा है।इससे प्रदेश की करीब 200 के करीब दुकानें प्रभावित होंगी। अभी प्रदेश में 3608 शराब की दुकानें हैं। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने के प्रावधान कड़े करना भी तय किया है। शराब के नशे में खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वालों की सजा को भी बढ़ाने पर विचार किया गया है। बता दें पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने नई शराबनीति को लेकर सरकार को चेतावनी दी थी। उमा ने तीन दिन भोपाल के अयोध्या बायपास स्थित मंदिर में प्रवास भी किया था। उमा ने शिवराज सरकार को नई शराब नीति के लिए सुझाव दिए थे। इसमें अहाते बंद करने, धार्मिक, शैक्षणिक संस्थानों के आसपास से शराब दुकानों की दूरी का दायरा बढ़ाने, शराब दुकानों के आगे उससे होने वाले दुष्परिणामों के होर्डिंग लगाने समेत अन्य सुझाव शामिल थे। उमा के तेवर से प्रदेश की नई शराब नीति पर सरकार निर्णय नहीं ले पा रही थी। अब सरकार ने उमा भारती की मांगों को मानते हुए नई शराबनीति लागू की है।

## डंपर ने युवक को रौंदा चालक भागा तो गुस्साई भीड़ ने वाहन में की तोड़फोड़

**भोपाल ,यशभारत।** राजधानी के नजीराबाद इलाके में स्थित रुनाहा और बरखेड़ी देव गांव के बीच डंपर ने शनिवार तड़के एक युवक को रौंद दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। गुस्साई भीड़ ने डंपर में तोड़फोड़ कर उसे जलाने का प्रयास किया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार 19 वर्षीय कान्हा गुर्जर पुत्र लालजी राम निवासी बरखेड़ीदेव किसानी करता था। शुक्रवार रात वह एक शादी में शामिल होने गांव से बाहर गया था। वहां से शनिवार तड़के लौट रहा था, तभी रुनाहा और बरखेड़ीदेव गांव के बीच में उसे एक डंपर ने रौंद दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद में आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। घटना से भड़के ग्रामीणों ने डंपर में तोड़फोड़ कर दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को शांत कराया। डंपर को थाने में खड़ा कर दिया गया है। आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

## मध्य प्रदेश को अगले माह मिल जाएंगे 98 चिकित्सा विशेषज्ञ, लोक सेवा आयोग ने जारी की चयन सूची

**भोपाल,यशभारत।** मध्य प्रदेश में पहली बार सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत विशेषज्ञों की नियुक्ति की जा रही है। एक माह के भीतर 57 एनेस्थीसिया विशेषज्ञ और 41 अस्थि रोग विशेषज्ञों की पदस्थापना कर दी जाएगी। लोक सेवा आयोग ने इनकी चयन सूची जारी कर दी है। अब स्वास्थ्य संचालनालय ने पदस्थापना के लिए चयनित डाक्टरों से विकल्प मांगे हैं। प्रदेश में एनेस्थीसिया विशेषज्ञ के 385 पदों में से अभी सिर्फ 83 कार्यरत हैं। ऐसे में 57 विशेषज्ञ और मिलने से कुछ हद तक दिक्कत दूर हो सकेगी। बता दें कि प्रदेश में विशेषज्ञों की बहुत ज्यादा कमी है। बड़े जिलों में आवश्यकता से ज्यादा तो छोटे जिलों में स्वीकृत की तुलना में 25 प्रतिशत विशेषज्ञ भी नहीं हैं। प्रदेश में शिशु और मातृ मृत्युदर ज्यादा होने की एक बड़ी वजह यह है। अस्पतालों की संख्या बढ़ रही है। मरीज भी बढ़ रहे हैं, पर एनेस्थीसिया विशेषज्ञों की कमी के चलते मरीजों को सर्जरी के लिए इंतजार करना पड़ता है। यहां तक कि विकल्प के तौर पर कुछ मेडिकल आफिसर को एक वर्ष की ट्रेनिंग कराकर उन्हें एनेस्थीसिया विशेषज्ञ के तौर पदस्थ करना पड़ा है। इसके अलावा एनेस्थीसिया विशेषज्ञ नहीं होने से सीजर डिलीवरी भी सभी सीएचसी व सिविल अस्पताल में नहीं हो पा रही है। प्रदेश में करीब 120 अस्पतालों में ही यह सुविधा है। 57 एनेस्थीसिया विशेषज्ञ मिलने से अब इनकी संख्या 140 हो जाएगी, पर अभी भी 205 की कमी स्वीकृत संख्या के अनुसार रहेगी। बता दें कि इसके पहले स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों की सीधी भर्ती पिछले माह की गई थी।

## इकोलॉजिकल पार्क में लापरवाही, सूखी घास को खत्म करने लगाई जा रही आग

**भोपाल यशभारत।** कटारा हिल्स और लहारपुर के पास 1750 हेक्टेयर में फैले इकोलाजिकल पार्क में लापरवाही की जा रही है। पिछले एक सप्ताह से रात के समय पार्क में रोजाना आग लगाई जा रही है। जिसके कारण लहारपुर, कटारा हिल्स, स्वामी विवेकानंद कालोनी और गौरीशंकर परिसर में रात के समय धुंआ हो रहा है। शुक्रवार और शनिवार को गौरीशंकर परिसर के पीछे रात के समय जब पार्क में आग लगाई गई, तो लोगों के घरों में धुंआ जाने लगा। जब लोगों ने खिड़कियों से देखा तो पार्क में फैंसिंग के किनारे आग लगाई गई थी। वन विभाग ने लोगों की सेहत सुधारने के लिए इकोलाजिकल पार्क का निर्माण किया है, लेकिन यहां पर रोज आग लगाई जा रही है। जिसके कारण क्षेत्र में बड़े पैमाने पर प्रदूषण हो रहा है और आसपास की कालोनियों के लोगों को परेशानी हो रही है। पार्क के बीच में भी एक बड़े क्षेत्र में आग लगाई गई है, जिसके कारण कई जगहों पर पेड़ भी झुलस गए हैं। पेड़ों का तना झुलसने से इन पेड़ों का अस्तित्व ही खतरे में आ गया है। दरअसल पेड़ों के तने से होकर कई पोषक तत्व पेड़ की टहनियों और पत्तों तक जाते हैं। जिससे पेड़ों को पोषण मिलता है। अंदर बने नक्षत्र पार्क और आसपास आग लगने से कई पौधे झुलस गए हैं।

## मर्यादित जीवन सदा संघर्ष मय जीवन का उपहार बनता है ज्ञान वान पहले आचरण वान बनो - साध्वी स्नेहझरा

भोपाल,ईएमएस। राजधानी में एक और नवीन जिनालय बनकर तैयार है। इंद्र विहार कालोनी पंचवटी एयरपोर्ट रोड में श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव साध्वी गुरूवरिया अमितगुणा नौ से 11 मार्च तक होने जा रहा है। उन्हीं की शिष्या साध्वी स्नेहझरा के सानिध्य में नवीन जिनालय की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कि तैयारियां चल रही हैं। प्रतिदिन भगवान जिनेन्द्र की पूजा-अर्चना के साथ विधि-विधान से अनुष्ठान हो रहे हैं। शंखेश्वर महिला मंडल द्वारा णमोकार महामंत्र का वाचन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष आइएल मेहता, उपाध्यक्ष मनोज संघवी ने बताया पुण्यार्जक परिवारों की ओर से नवीन जिनालय में भगवान जिनेन्द्र की प्रतिमाएं विराजमान की जाएगी। साध्वी स्नेहझरा ने कहा कि ज्ञानवान बनना श्रेष्ठ है पर अच्छे आचरण के बगैर सब व्यर्थ ज्ञानवान से पहले आचरण वान बनो। उन्होंने कहा सहिष्णुता उदारता वात्सल्य सहयोग और उपकार के भाव मनुष्य के जीवंत को प्रभावी बनाते हैं। भगवान राम ने कभी अपनी मर्यादा नहीं कोई चाहे राज महल में रहे या वन में या रावण से युद्ध करते समय प्रत्येक पल राम राम ही थे उन्होंने अपना जीवन मर्यादित रखा अर्थात उनका श्रेष्ठ आचरण सदैव उनके साथ रहा इसलिए वह आज पूज्य है। मर्यादित जीवन सदा संघर्ष मय जीवन का उपहार बनता है। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## बैरागढ़ की 36 साल पुरानी घोषणा, अब पूरी होगी, मुख्यमंत्री आज करेंगे आरओबी का भूमिपूजन

**भोपाल, यशभारत।** बैरागढ़ को सीटीओ की एक दर्जन से अधिक कालोनियों एवं थ्री ईमई सेंटर को सेंटर को जोड़ने वाले फाटक रोड पर बार-बार जाम लगने से जनता बेहद परेशान है लेकिन यह परेशानी जल्द ही बीते दिनों की बात हो जाएगी। लोक निर्माण विभाग की सेतू शाखा ने यहां आरओबी स्वीकृत कर दिया है। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान 20 फरवरी को इसका भूमिपूजन करेंगे। बैरागढ़ में ओवर ब्रिज निर्माण की घोषणा 1987 में तत्कालीन रेल राज्य मंत्री माधवराव सिंधिया ने की थी। कई बार प्रस्ताव बने लेकिन काम नहीं हो सका। कुछ समय पहले रेल प्रशासन ने अंडर ब्रिज स्वीकृत कर दिया लेकिन विशेषज्ञों ने अंडर बनने से यहां पानी जमा होने की संभावना व्यक्त की। हाल ही में विधायक रामेश्वर शर्मा के प्रयास से आरओबी स्वीकृत किया गया। इसके निर्माण पर करीब 26 करोड़ रूपये खर्च होंगे। ब्रिज निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी ने मिट्टी का परीक्षण कर लिया है।

# दिव्यांग बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण में 159 बच्चों का पंजीयन

## 59 बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र ,15 बच्चों को आईडी किट वितरित



### बड़वारा में 22, ढीमरखेड़ा में 23, बहोरीबंद में 24 और कटनी में 25 को आयोजित होगा शिविर

**कटनी,यशभारत।** शहर के स्थानीय के.सी.एस स्कूल मे रविवार को आयोजित विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए जिला स्तरीय चिकित्सकीय मूल्यांकन शिविर में पहुंचे कलेक्टर अवि प्रसाद, पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, और जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन ने बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का अवलोकन किया। कलेक्टर श्री प्रसाद ने बच्चों को टाफियॉ और पेन प्रदान किया तथा खिचड़ी भी खिलाया। रविवार को आयोजित वृहद चिकित्सकीय मूल्यांक शिविर में कुल 159 दिव्यांग बच्चों का पंजीयन किया गया। जिसमें से 39 बच्चों को जीवन उपयोगी विभिन्न उपकरणों के लिए चिन्हित किया गया। शिविर में 54 बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र तथा जिला स्तर पर गृह आधारित शिक्षा वाले पूर्व से चिन्हित 15 बच्चों को आई.डी किट वितरित की गई। जिला चिकित्सालय कटनी, देवजी नेत्रालय जबलपुर और एलिम्को जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में एस.डी.एम प्रिया चंद्रावत, तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव, निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे सहित विभिन्न विधाओं के चिकित्सक तथा समाजसेवी मौजूद रहे। शिविर स्थल में श्रवण बाधित, दृष्टि बाधित एवं अस्थि बाधित बच्चों की जांच हेतु पृथक-पृथक स्टॉलों में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में श्रवण बाधित 34, दृष्टिबाधित 52 और अस्थिबाधित 43 दिव्यांग बच्चों का परीक्षण हुआ। शिविर शुरू होने के पूर्व कलेक्टर श्री प्रसाद ने सभी स्टालों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और जरूरी निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने दिव्यांग बच्चों चॉकलेट देकर किया दुलार

कलेक्टर अवि प्रसाद ने शिविर स्थल पहुंचते ही सभी औपचारिकताओं को दर- किनार करते हुए सीधे दिव्यांग बच्चों के बीच पहुंच गये। उन्होने बात करने में सक्षम बच्चों से बात किया, उनका नाम पूछा और सभी दिव्यांग बच्चों को टाफियां और पेन प्रदान किया और अपने हांथों से खिचड़ी खिलाई। बच्चों के सिर पर बड़ी आत्मीयता से हाथ फेरा और लाड़-दुलार किया तथा उन्के माता पिता से चर्चा की और कहा बच्चों के लिए बेहतर से बेहतर प्रयास किये जायेंगी।

### शिविर आयोजित कर बच्चों को बांटे जा रहे जीवनोउपयोगी उपकरण

समग्र शिक्षा अभियान समावेशित शिक्षा के अंतर्गत जिले के सभी विकासखंण्डों में एलिम्को के सहयोग से उपकरण वितरित किये जायेंगे। इस क्रम का पहला शिविर सोमवार 20 फरवरी को रीठी विकासखण्ड में आयोजित किया गया। जहां विशेष आवश्यकता वाले 59 दिव्यांग बच्चों को जीवन उपयोगी उपकरण प्रदान किये गए। विजयराघवगढ़ में आज 21 फरवरी को शिविर का आयोजन कर 71 दिव्यांग बच्चों को जीवन उपयोगी उपकरण प्रदान किए गए। बड़वारा में कल 22 फरवरी के शिविर आयोजित कर चिन्हित किए गए 62 दिव्यांग बच्चों को और ढीमरखेड़ा में 23 फरवरी को चिन्हित किए गए 58 दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरित किये जायेंगे। बहोरीबंद में यह शिविर 24 फरवरी को और कटनी मे 25 फरवरी को आयोजित होगा।



# करहिरया में हितग्राही को मौके पर स्वीकृत की पेंशन

### रीठी क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में निकली विकास यात्रा

**कटनी,यशभारत।** बहोरीबन्द विधानसभा में प्रारंभ हुई विकास यात्रा रीठी जनपद क्षेत्र पहुची। विकास यात्रा का तीसरा दिन ग्राम पंचायत गोदाना से प्रारंभ हुई। क्षेत्रीय विधायक प्रणय प्रभात पाण्डे की मौजूदगी में शुरू हुई विकास यात्रा में यात्रा के प्रभारी विजय शुक्ला, जनपद सदस्य, सरपंच, उपसरपंच स्थानीय नागरिक एवं समस्तस प्रशानिक अमला तहसीलदार, सीईओ, थाना प्रभारी एवं सभी विभागों से प्रशानिक अधिकारी,कर्मचारी उपस्थिति हुए। विकास यात्रा ग्राम पंचायत गोदाना से पटेहरा होते हुए , कठोतिया पहुची कठोतिया से करहिया होते हुए सिमराड़ी पहुची। नयाखेड़ा में विधायक श्री पांडे द्वारा पौधारोपण का कार्य किया। जिसमे कलेक्टर अवि प्रसाद , पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन सहित सीईओ जिला पंचायत शिशिर गेमावत शामिल हुए। विकास यात्रा में विधायक प्रणय प्रभात पांडे द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की ग्रामीणों को प्रदाय की एवं ग्रामस पंचायत गोदाना सहित सभी ग्राम पंचायतों में मान विधायक प्रणय प्रभात पांडे द्वारा विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण, स्वीकृत कार्यो का शिलान्यास



किया एवं किये गए विकास कार्यो, स्वीकृत विकास कार्यो, लाभान्वित हितग्राहियों की जानकरी समस्त ग्रामवाशियों को प्रदान की। विधायक द्वारा विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियो को हितलाभ वितरण किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा विधायक प्रणय प्रभात पांडे से स्थानीय समस्याओं से अवगत कराते हुये विकास कार्यो की मांग की। करहिया में मौके पर ही हितग्राही को पेंशन स्वीकृत किया गया पेंशन का लाभ पाकर सुमत्री ने विधायक श्री पांडे को धन्यवाद किया।

### महापौर ने खेल प्रेमियों से की खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन की अपील

# पहले मैच में जसपुर तो दूसरे में पटना ने लहराया जीत का परचम

### चौथे दिन नगर निगम स्टेडियम में खेले गये हॉकी के दो मैच



**कटनी,यशभारत।** कटनी रविवार अपरान्ह 2 बजे से नगरपालिक निगम द्वारा भारतीय गणतंत्र दिवस हाकी टूर्नामेंट के चतुर्थ दिवस में सागर एवं जसपुर के बीच पहला मैंच संपन्न हुआ जिसमें जसपुर ने सागर को 4.0 गोल से शिकस्त देकर विजय हासिल की तो वहीं दूसरा मैच पटना एवं राउरकेला के मध्य खेला गया जिसमें पटना टीम ने 3.0 से मैंच जीता इस दौरान प्रथम मैंच के निर्णायक मंडल में दुर्ग के अब्दुल हनीफ दुर्ग एवं उमरिया के सुनील तथा थर्ड एम्पायर राजनांदगांव के किशोर कुमार रहे तो वहीं दूसरे मैच के निर्णायक मंडल ने भोपाल के आविद एवं झांसी के जावेद ने अपनी भूमिका निभाई तथा लाल खां ने थर्ड एम्पायर में अपना योगदान दिया। उल्लेखनीय है कि नगरपालिक निगम द्वारा अखिल भारतीय गणतंत्र दिवस हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है जिसमें नगर के ही खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान किए जा रहे, खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने महापौर प्रीति संजीव सूरी स्वयं नगर निगम स्टेडियम पहुंच रहीं हैं। इस टूर्नामेंट में अनेक शहरों की खेल प्रतिभाए अपने हुनर से आगे बढ़कर देश विदेश में खेल परम्परा को आगे बढ़ा रही। महापौर श्रीमती सूरी ने शहर के सभी खेल प्रेमियों प्रबुद्धजनों, वरिष्ठ नागरिकों से पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की गई है। रविवार को आयोजित टूर्नामेंट में टैक्नीकल टेबिल में संजीव चतुर्वेदी विनोद रजक किशन अहिरवार द्वारा अपना योगदान दिया गया। मुख्य रूप से सुधाकर चतुर्वेदी पं0 लोकनाथ गौतम उमाकांत कनौजिया गोलू चतुर्वेदी सहित शहर के प्रबुद्धजनों जनप्रतिनिधियों खेल प्रेमियों की उपस्थिति रहीं।

### महापौर, नगर निगम अध्यक्ष एवं पार्षदों की मौजूदगी में हुआ विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन

# लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत पात्रों को बांटे लाभ पत्र

**कटनी,यशभारत।** कटनी शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर आमजन के बीच पहुंच रही विकास यात्रा रविवार को वेंकट वार्ड स्थित पत्रकार स्वर्गीय सुरेश बाबू स्वर्णकार के घर के सामने से प्रारंभ हुई इस दौरान यात्रा में शामिल विधायक संदीप जायसवाल महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी एमआईसी सदस्यों पार्षदों व अन्य जनप्रतिनिधियों तथा वार्ड के नागरिकों की उपस्थिति में वेंकट वार्ड निवासी साहिबा खातून सीमा साहू रजनी त्रिपाठी नसीम बानो सहित अन्य हितग्राहियों को पात्रता पर्ची पेंशन पत्रों का वितरण लाड़ली लक्ष्मी योजना की पात्रता के हित लाभ पत्रों का वितरण किया गया आगे की ओर बढ़ी विकास यात्रा का



भाजपा कोषाध्यक्ष टिल्लू सिंघानिया तथा रणवीर करण के निवास एव शहर के अन्य जगह पर पुस्पहारो से स्वागत किया गया। रविवार को नरेंद्र मार्ग से बल्ली निषाद के घर से होते हुए सुब्बाराव गली अशोक कॉलोनी सत्यनारायण मंदिर के सामने से गोल्डन वर्ल्ड स्कूल गौतम बंधवा रबर फैक्ट्री बैलट घाट गायत्री नगर सहित शहर के 6 वार्डो से होकर गुजरी आबकारी मुहल्ला तथा बाबा घाट पहुंची विकास यात्रा में शामिल जनप्रतिनिधियों को आम जनों ने स्थानीय मूलभूत समस्याओं जैसे पानी निकासी नाली चौड़ीकरण विद्युत समस्या पेयजल समस्या सड़क चौड़ीकरण सहित अन्य समस्याएं बताई गई जिसे विधायक व महापौर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित अधिकारियों को तत्काल निराकरण करने निर्देशित किया।

### आदिशक्ति एवं मानस मंडल को 3-3 हजार की सहायता देने महापौर ने की घोषणा

विधायक द्वारा गायत्री नगर योग शाखा आदि शक्ति महिला मंडल एवं रामायण समाज महिला मंडल को 3–3 हजार रुपए देने की घोषणा की गई है तो वही छपरवाह पार्क में 34 नंबर वार्ड के अंतर्गत स्कूल भवन के पीछे से संजय सिंह गौतम के घर के सामने तक बनने वाली सीसी रोड जिसकी लागत 3 लाख 45 हजार रूपए का भूमि पूजन कर हितलाभ पत्रों का वितरण कर पार्क में वृक्षारोपण के साथ विलगवां गांव में व्याप्त विद्युत समस्या एवं पेयजल समस्या के निराकरण करने विधायक एवं महापौर ने संयुक्त रूप से अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान यात्रा में एमआईसी सदस्य सर्वश्री संतोष शुक्ला श्रीमती बीना बैनर्जी पार्षद शकुंतला सोनी सीमा श्रीवास्तव सुरेंद्र गुप्ता एवं भाजपा जनों में अश्वनी गौतम मनीष दुबे महेश शुक्ला विपिन बिलोहा व्यंकटेश मिश्रा रणवीर कर्ण रवि खरे आशीष मिश्रा सहित देव तुल्य जनता जनार्दन की उपस्थिति रही।



# विधायक ,कलेक्टर व एसपी ने लगाये पौधे

## अंकुर अभियान के तहत नयाखेड़ा में मिश्रित प्रजाति के 300 पौधे रोपे गये

**कटनी,यशभारत।** अंकुर अभियान के तहत रविवार को जिले भर में पौधारोपण का कार्यक्रम हुआ। विकासण्ड रीठी के ग्राम नयाखेड़ा में वृहद पौघारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। यहां बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पण्डेय, कलेक्टर अवि प्रसाद, पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, जिला पंचायत के सी.ई.ओ शिशिर गेमावत सहित बडी संख्या में ग्रामीण जनों ने पौधे रौपे। पौधारोपण स्थल पर जनपद पंचायत रीठी क सी.ई.ओ ज्ञानेन्द्र कुमार मिश्रा, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी डॉ अजीत सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। नयाखेड़ा में मिश्रित प्रजाति के 300 पौधे लगाये गये। कलेक्टर अवि प्रसाद ने रोपे गये पौधों की सुरक्षा उनकी देखभाल और समय-समय पर सिंचाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। यहां यह उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने पर्यावरण-संरक्षण और वातावरण में ऑक्सीजन की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से 19 फ़रवरी 2021 को प्रतिदिन पौध-रोपण करने का संकल्प लिया था। मुख्यमंत्री का यह संकल्प अविरल जारी है। लोग और संस्थाएँ भी उनके इस महान उद्देश्य में जुड़ते जा रहे हैं।




### तिलक कॉलेज में हुआ पौधरोपण

शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी मैं राष्ट्रीय सेवा योजना एवं हरित कोर योजना के साहित्य तत्वावधान में रविवार 19 फरवरी को अंकुर अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार खरे,कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ माधुरी गर्ग, डॉक्टर अजय कुमार ठाकुर, जिला संगठक डॉक्टर आर पी सिंह तथा एनएसएस के स्वयंसेवकों अभिनंदन कुशवाहा, सृजन सोनी, अभिषेक तिवारी, भगत सिंह, सचिन पटेल, गायत्री बर्मन, मेघा विश्वकर्मा, वंदना बर्मन, सरस्वती रजक, प्रियदर्शनी सिंह एवं अन्य स्वयंसेवकों ने पौधे लगाए।

### बरही शासकीय कॉलेज में भी रोपे गए पौधे

अंकुर अभियान के तहत रविवार को कलेक्टर अवि प्रसाद और पुलिस अधीक्षक सुनील कुमर जैन ने शासकीय महाविद्यालय बरही के प्रांगण में पौधारोपण किया। इस मौके पर जिला पंचायत के सी.ई.ओ शिशिर गेमावत और प्राचार्य आर.के.वर्मा ने भी पौधा रोपा। छात्रों के बीच बेहद लोकप्रिय कलेक्टर श्री प्रसाद के यहां पहुंचते ही छात्रों ने सेल्फी ली और ग्रुप फोटोग्राफ कराया।



# अधिकारियों को भेंट की विकास पथ पर रीठी पुस्तक

**कटनी,यशभारत।** जनपद पंचायत कार्यालय रीठी पहुंचने पर रविवार को कलेक्टर अवि प्रसाद और पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन को जनपद पंचायत के सी.ई.ओ. ज्ञानेन्द्र कुमार मिश्रा ने ''विकास पथ पर रीठी'' पुस्तक भेंट की। कलेक्टर श्री प्रसाद ने पुस्तक के विषय वस्तु और लेखक अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी डा. अजीत सिंह के संकलन की खूब सराहना की। उल्लेखनीय है कि रीठी विकासखंड के ग्राम अमगवां से शुरू हुई विकास यात्रा के दौरान ''विकास पथ पर रीठी'' मनरेगा एक नजर मे पुस्तक का विधायक बहोरीबंद प्रणय प्रभात पाण्डेय ने हाल ही मे विमोचन किया था।

# अनाथ शिशुओं को पालना गृह में मिलेगा आसरा




### बच्चों की देखरेख करने वाली संस्थाएं करेंगी संचालन

**कटनी,यशभारत।** कदाचित प्रकरणों में देखने में आया है कि बच्चों को जन्म के बाद परिजनों द्वारा विभिन्न कारणों से परित्यक्त अथवा सार्वजानिक स्थानों में छोड़ दिया जाता है। ऐसी अवस्था में बच्चों को छोड़ने से बच्चों की स्थिति अत्यंत गंभीर हो सकती है। ऐसे बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से एवं उन्हें नियमानुसार दत्तक गृहण की प्रक्रिया से जोड़ने, शासन के निर्देशानुसार अनाथ एवं परित्यक्त बच्चों को प्राप्त करने एवं संरक्षण प्रदान करने जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित बाल देखरेख संस्थाओं में पालना की स्थापना की गई है। कोई भी व्यक्ति अपनी पहचान को गुप्त रखते हुए इन पालना में बच्चे को छोड़ सकता है। जिले में आशा किरण बाल गृह, जिला जेल की पीछे, झिंझरी, आसरा बाल गृह, शुभ मोटर्स के पीछे, झिंझरी, किलकारी शिशु गृह, दद्दा धाम एवं लिटिल स्टार बालिका गृह, हिरवारा में बच्चों को प्राप्त करने पालना की स्थापना की गई है। कोई भी व्यक्ति बच्चा प्राप्त होने पर चाइल्ड हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 1098, निकटतम पुलिस थाने या महिला एवं बाल विकास कार्यालय या बाल कल्याण समिति, राय कॉलोनी में सम्पर्क कर सकता है।

**नाम सुधार सूचना**

मैं तनय बत्रा पिता श्री रविन्द्र बत्रा लक्ष्मी निवास नई बस्ती कटनी 483501 का निवासी हूं, मेरे पिता द्वारा लिए गए UTI MUTUAL FUND के फोलियो नंबर 517177461315 में मास्टर पीयुष बत्रा लिखा है, जो कि मेरे बचपन का नाम था। अत: तनय बत्रा व पीयुष बत्रा मुझ एक ही व्यक्ति के नाम हैं, मेरे सारे सरकारी दस्तावेजों में तनय बत्रा ही अंकित है।

TANAY BATRA
S/o RAVINDRA BATRA

**कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत विजयराघवगढ़**


क्रमांक/ 499 /मत्स्य पालन / विज्ञप्ति /2023 — वि.गढ़, दिनांक – 15.02.2023

**विज्ञप्ति सूचना**

मध्यप्रदेश शासन मछली पालन मंत्रालय भोपाल के ज्ञापन क्रमांक 1548/05/36 भोपाल दिनांक 08.10.2008 से जारी नवीन नीति निर्देशों के तहत जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ स्वामित्व के (1) पथरहटा जलाशय (2) गुडेहा पिपरा जलाशय (3) धुनसुर जलाशय को 10 वर्षीय पट्टे पर देने हेतु कार्यालय के विज्ञिप्त क्रमांक 486, 489, 484 दिनांक 15.02.2023 को जारी की गई है। मत्स्य पालन पट्टे पर देने के लिए आवेदन कार्यालय जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में दिनांक 15.02.2023 से 03.03.2023 तक प्रस्तुत कराये जावेंगे। शासन द्वारा जारी नवीन नीति निर्देशों का अवलोकन जनपद पंचायत कार्यलीन समय में कर सकते हैं। जलाशय की जानकारी निम्नानुसार है।

| क्रं. | जलाशय का नाम | स्वामित्व | विकासखण्ड | औसत जल क्षेत्र (हेक्टेयर) |
|---|---|---|---|---|
| 01. | पथरहटा | जनपद पंचायत वि.गढ़. | विजयराघवगढ़ | 48.38 |
| 02. | गुडेहा, पिपरा जलाशय | जनपद पंचायत वि.गढ़. | विजयराघवगढ़ | 17.29 |
| 03. | धुनसुर जलाशय | जनपद पंचायत वि.गढ़. | विजयराघवगढ़ | 21.65 |

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़**




# रोहित चुनेंगे टेस्ट टीम का नया उप कप्तान

## अब प्लेइंग-11 से भी बाहर हो सकते हैं केएल राहुल ; जानें कौन लेगा उनकी जगह

**मुंबई, एजेंसी। भारत की नई टेस्ट टीम में किसी भी खिलाड़ी को उप कप्तान नहीं बनाया गया। ओपनिंग बैटर केएल राहुल अब बतौर प्लेयर टीम में रहेंगे। ऐसे में उनके प्लेइंग-11 में बने रहने की उम्मीदें भी कम हो गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कप्तान रोहित शर्मा टीम का नया उप कप्तान चुनेंगे।**

### राहुल को क्यों हटाया गया?

केएल राहुल को दिसंबर 2021 में टेस्ट टीम का उप कप्तान बनाया गया। उन्होंने 3 बार टीम की कप्तानी भी की। 2 में जीत और एक में हार मिली, लेकिन इन टेस्ट में राहुल अपनी बैटिंग से कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सके। पिछली 9 पारियों में 23 रन उनका बेस्ट स्कोर रहा। इस दौरान उन्होंने 8, 12, 10, 22, 23, 10, 2, 20, 17 और एक रन के स्कोर बनाए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बैटिंग में उनके खराब प्रदर्शन को देखते हुए सलेक्शन कमेटी ने उनसे उप कप्तान का पद छीना है, ताकि ओपनिंग पोजिशन पर रोहित शर्मा के साथ किसी और को मौका दिया जा सके।

### राहुल नहीं तो प्लेइंग-11 में कौन?

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के 2 मैच खत्म हो चुके हैं। इनमें राहुल ने 20, 17 और एक रन के स्कोर बनाए। तीसरा टेस्ट एक मार्च और चौथा टेस्ट 8 मार्च को खेला जाएगा। अगर राहुल प्लेइंग-11 में नहीं चुने गए तो उनकी जगह शुभमन गिल से ओपनिंग कराई जा सकती है, क्योंकि भारत के मौजूदा स्क्वॉड में गिल को ही टेस्ट में ओपनिंग का अनुभव है।

### एक्सपर्ट्स ने किया राहुल का विरोध

एक ओर सलेक्शन कमेटी ने राहुल से उप कप्तान का पद छीन लिया तो दूसरी ओर सोशल मीडिया पर फैंस और एक्सपर्ट्स खराब फॉर्म के बाद राहुल को टीम से बाहर करने की मांग कर रहे हैं। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने राहुल के खराब फॉर्म पर कई ट्वीट तक कर डाले थे। उन्होंने कहा कि राहुल की जगह मयंक अग्रवाल, अजिंक्य रहाणे, शिखर धवन या शुभमन गिल को मौके दिए जाने चाहिए।

### द्रविड़ और रोहित ने किया बचाव

इन सब के बीच कप्तान रोहित शर्मा और हेड कोच राहुल द्रविड़ ने राहुल की बैटिंग का बचाव किया। रोहित ने कहा कि खराब फॉर्म हर खिलाड़ी के करियर में आता है। राहुल ने विदेश में कई शतक जड़कर खुद को साबित किया है। अगर किसी खिलाड़ी में क्षमता होती है तो टीम मैनेजमेंट उन्हें मौके देती है। ऐसा सिर्फ केएल नहीं बाकियों के साथ भी होता है। रोहित का कहना इसलिए भी ठीक है क्योंकि वे खुद इसी दौर से गुजर चुके हैं। 2007 में डेब्यू करने के बाद 2013 में उन्होंने टेस्ट डेब्यू किया। 2013 के बाद 2019-20 में वह टेस्ट टीम में अपनी जगह पक्की कर सके। ऐसे में राहुल का दर्द वे बहुत अच्छी तरह से समझते हैं।



# भारत लगातार तीसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में

## मंधाना ने खेली करियर की बेस्ट पारी

**केबेरा, एजेंसी।** भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका में चल रहे विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने सोमवार को ग्रुप-2 में अपने आखिरी मुकाबले में आयरलैंड को डकवर्थ-लुइस मैथड के तहत 5 रन से हराया।भारत ने लगातार तीसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। इससे पहले, टीम 2018 और 2020 के सीजन में अंतिम-4 में पहुंची थी। 2020 में तो भारतीय ने फाइनल भी खेला, लेकिन तब उसे ऑस्ट्रेलिया से हारकर खिताब गंवाना पड़ा था।केबेरा के सेंट जॉर्जिया मैदान पर टीम इंडिया ने टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए ओपनर स्मृति मंधाना की करियर बेस्ट (87 रन) की पारी की बदौलत 20 ओवर में 6 विकेट पर 155 रन बनाए।जवाब में आयरिश टीम ने 8.2 ओवर तक 54 रन ही बनाए थे कि बारिश आ गई। जब टीम इंडिया डकवर्थ-लुइस मैथड के तहत 5 रन आगे थी। बारिश नहीं थमने के कारण भारत को विजयी घोषित किया गया।

### आज इंग्लैंड-पाकिस्तान मैच से तय होगा भारत का प्रतिद्वंद्वी

इस जीत से भारतीय टीम ग्रुप-2 से सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर गई है। इंग्लैंड पहले ही टॉप-4 में प्रवेश कर चुकी है। मंगलवार को इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच मैच है। इस मैच के नतीजे से तय होगा कि सेमीफाइनल में टीम इंडिया का प्रतिद्वंद्वी कौन होगा।

### पहले ही ओवर में आयरलैंड ने गंवाए दो विकेट

156 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी आयरलैंड ने पहली ही बॉल पर ओपनर एमी हंटर का विकेट गंवा दिया। एमी दूसरा रन लेने की कोशिश में रन आउट हुई। इसी ओवर की 5वीं बॉल पर रेणुका सिंह ठाकुर ने ओरला प्रेंडरग्रास्ट को शून्य के स्कोर पर बोल्ड कर दिया।इन 2 विकेट के बाद आयरिश टीम का कोई और विकेट नहीं गिरा। ओपनर गेबी लुईस और कप्तान लौरा डिलेनी ने शुरुआती झटकों के बाद पारी को आगे ब?ाया। दोनों ने अर्धशतकीय साझेदारी की। दोनों ने अपने शॉट्स खेलने शुरू ही किए थे कि बारिश होने लगी और खेल रोकना पड़ गया। गेबी 32 और लौरा 17 रन बनाकर नाबाद रहीं। टीम इंडिया ने 155 रन बनाए। स्मृति मंधाना (87 रन) ने करियर की बेस्ट पारी खेली। यह उनका टी-20 इंटरनेशनल में सर्वाधिक स्कोर है। उन्होंने 22वां अर्धशतक जमाया। मंधाना ने पारी में 9 चौके और 3 छक्के जमाए। उनके अलावा शेफाली वर्मा ने 24 और जेमिमा रोड्रिग्ज ने 19 रन का योगदान दिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 14 रन बनाए। इसके साथ ही कौर ने टी-20 इंटरनेशनल में 3 हजार रन पूरे कर लिए। आयरलैंड की ओर से लौरा डिलेनी ने 3 विकेट लिए। ओरला प्रेंडरगास्ट को 2 और एरलीन केली को एक विकेट मिला।

# पैपराजी ने रणबीर कपूर के गाने पर किया डांस



मुंबई, एजेंसी। रणबीर कपूर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म च्तू झूठी मैं मक्कारज को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इन दिनों एक्टर अपनी इस फिल्म का लगातार प्रमोशन कर रहे हैं। इसी बीच उन्हें हाल ही में मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया, जिसका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह एयरपोर्ट पर फोटोग्राफर का डांस देखने के बाद उसे गले लगा लेते हैं।

इस वीडियो में रणबीर एयरपोर्ट के अंदर जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान एक पैपराजी ने दूसरे पैपराजी के लिए कहा कि ये डांसर भी है। इसके बाद रणबीर फोटोग्राफर को डांस करके दिखाने के लिए बोलते हैं। फोटोग्राफर ने एयरपोर्ट पर च्तू झूठी मैं मक्कारज्के गाने च्प्यार होता कई बार हैज्का हुक स्टेप्स करते हुए दिखाई दिया। जिसके बाद रणबीर उसके डांस से काफी काफी इंप्रेस हो जाते हैं और उसे गले लगा लेते हैं। सोशल मीडिया पर इस वीडियो को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं।

### 8 मार्च, 2023 को रिलीज होगी तू झूठी मैं मक्कार

रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर की फिल्म तू झूठी मैं मक्कार 8 मार्च, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ये एक रोमांटिक लव स्टोरी फिल्म है। पिछली बार रणबीर कपूर च्ब्रह्मास्त्रज में नजर आए थे, जिसमें उनके साथ उनकी पत्नी आलिया भट्ट थीं। अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रणबीर कपूर ने सुपरहीरो का किरदार निभाया था। इसके अलावा रणबीर डायरेक्टर संदीप रेड्डी वंगा की फिल्म च्एनिमलज्में रश्मिका मंदाना के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे।

# रणबीर की भाभी की गोद भराई में पहुंचा कपूर खानदान

**आलिया भट्ट से लेकर करीना कपूर तक, इन सेलेब्स ने दिया मॉम टू बी अनीशा को बधाइयां**

मुंबई, ईएमएस। एक्टर रणबीर कपूर के कजिन अरमान जैन और उनकी पत्नी अनीशा मल्होत्रा जल्द पेरेंट्स बनने वाले हैं। इस मौके पर कपल ने रविवार को गोद भराई सेरेमनी रखी थी, जहां आलिया भट्ट, करीना कपूर खान, नीतू कपूर, नताशा नंदा और नव्या नवेली नंदा समेत फैमिली से जुड़े कई सेलेब्स ने शिरकत की। नीतू, नताशा नंदा और करीना ने सोशल मीडिया पर सेरेमनी की इनसाइड तस्वीरें शेयर की और कपल को बधाइयां दीं। इनमें से एक ग्रुप फोटो में आलिया, करीना, नव्या नवेली के साथ कई गेस्ट नजर आ रहे हैं। कपल की गोद भराई सेरेमनी की तस्वीरें काफी सुर्खियों में हैं। अनीशा की बेबी शॉवर सेरेमनी बेहद प्राइवेट रही, जिसमें फैमिली से जुड़े गेस्ट शामिल हुए। गोद भराई सेरेमनी की इस फैमिली फोटो में मेल मेंबर्स भी नजर आ रहे हैं। गेस्ट के साथ नीतू कपूर ने कई फोटोज शेयर की हैं, जिसमें वो साथ पोज देते हुए नजर आ रहीं हैं।



### गोद भराई सेरेमनी में आलिया ने रिपीट की ड्रेस

न्यू मॉम आलिया भट्ट भी इस फैमिली इवेंट का हिस्सा रहीं। गोद भराई सेरेमनी पर उन्होंने फिल्म नेटफ्लिक्स के प्रमोशन के दौरान पहना हुआ आउटफिट रिपीट किया था, लाइट मेकअप और मांग टीके साथ उन्होंने अपने लुक को कंप्लीट किया।आलिया अपने आउटफिट्स रिपीट करने के लिए जानी जाती हैं। अनीशा के बेबी शॉवर पर भी उन्होंने अपना यही ट्रेंड फॉलो किया।

### सिंपल लुक में पहुंची करीना

करीना ने इस इवेंट में पेस्टल कलर का सूट स्टाइल किया। सिंपल इयररिंग्स लाइट मेकअप, बन और बिंदी में करीना बेहद खूबसूरत लग रहीं थीं।

## अक्षय कुमार के लिए फैंस की दीवानगी, बैरिकेड कूदकर अक्षय से मिलने पहुंचा शख्स, बॉडीगार्ड्स ने दिया धक्का तो एक्टर ने लगाया गले



**मुंबई एजेंसी।** बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार इस समय अपनी अपकमिंग फिल्म च्सेल्फीज का जोरो शोरो से प्रमोशन कर रहे हैं। अब सोशल मीडिया पर उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें उनके बॉडीगार्ड्स ने एक फैन को पीछे धकेला, लेकिन अक्षय ने उसको बुलाया और गले लगा लिया।

दरअसल रविवार को अक्षय कुमार एक इवेंट में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने काफी धमाकेदार एंट्री मारी। इस दौरान जब वो फैंस से मिलने के लिए पहुंचे तब वहां मौजूद एक शख्स उनसे मिलने के लिए बैरिकेड कूद गया। तभी सिक्योरिटी गार्ड ने उसे पीछे धकेला दिया। लेकिन फैन की दीवानगी देखकर अक्षय भी खुद को रोक नहीं पाए और उन्होंने उसे गले गला लिया। अब इस वीडियो को देखने के बाद सोशल मीडिया पर फैंस से लेकर सेलेब्स तक अक्षय कुमार की तारीफ कर रहे हैं।

# संजय लीला भंसाली ने फिल्ममेकर्स को दी नसीहत

**बोले- बिना फैक्ट्स के पीरियड फिल्में नहीं बनानी चाहिए..पद्मावत के समय झेल चुके हैं विरोध**

**मुंबई एजेंसी।** संजय लीला भंसाली ने एक रिसेंट इंटरव्यू में कहा है कि जब कोई फिल्ममेकर पीरियड फिल्में बनाता है तो उसे कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। संजय का कहना है कि ऐसी फिल्में बनाने से पहले फैक्ट्स की जांच करनी चाहिए। संजय के मुताबिक, वो तब तक कोई फिल्म या डॉक्यूमेंट्री नहीं बनाते हैं जब तक कि उन्हें इस बारे में बिल्कुल सटीक जानकारी न हो।

इसके अलावा संजय ने कुछ अफवाहों से भी पर्दा हटाया है। उन्होंने कहा कि ये बातें बिल्कुल गलत हैं कि वो सेट पर एक्टर्स के साथ काफी कड़ा बर्ताव करते हैं। संजय के मुताबिक, ये सभी बातें मीडिया ने फैलाई है।



### बेस्ट शॉट के बाद ही एक्टर को वैनिटी में जाने देता हूं

संजय लीला भंसाली की अपकमिंग वेब सीरीज हीरामंडी के लॉन्च के अवसर पर उनसे पूछा गया कि क्या वो सच में एक्टर्स के साथ कड़ा रवैया अपनाते हैं। इस पर उन्होंने जवाब देते हुए कहा, च्मीडिया ने मेरी ऐसी इमेज बनाई है। वास्तव में ऐसा कुछ नहीं है। मैं कोई टास्क मास्टर नहीं हूं। मैं बस एक्टर्स का दिमाग का यूज करना चाहता हूं। मुझे टास्क मास्टर इसलिए कहते हैं क्योंकि मैं तब तक किसी एक्टर को वैनिटी वैन में नहीं जाने देता जब तक कि उससे बेस्ट शॉट न निकलवा लूं।ज

### पीरियड फिल्म करने से पहले तथ्यों की जांच करनी चाहिए

संजय लीला भंसाली पीरियड फिल्में बनाने के लिए मशहूर हैं, लेकिन पद्मावत की शूटिंग के वक्त उनके साथ करणी सेना के कुछ सदस्यों ने मारपीट कर दी थी। यहां तक कि सेट पर तोड़फोड़ भी किया था।

दीपिका पादुकोण को जान से मारने की धमकी मिली थी। इसी संदर्भ में संजय ने कहा है कि फिल्म मेकर्स अगर ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर कोई फिल्म करें तो उन्हें तथ्यों को एक बार अच्छे से समझ और परख लेना चाहिए।

### संजय के सख्त रवैये से रणबीर कपूर हुए थे परेशान

संजय लीला भंसाली अपने बारे में भले ही कहे कि वो सख्त नहीं हैं, लेकिन उनके साथ काम करने वाले एक्टर्स यहीं मानते हैं कि उनके साथ काम करना बहुत बड़ा टास्क है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म ब्लैक में संजय लीला भंसाली ने रणबीर कपूर की पिटाई तक कर दी थी।

इसके बाद से रणबीर ने इस प्रोजेक्ट से हाथ खींच लिया था। फिल्म सावरियां की शूटिंग के वक्त भी रणबीर को काफी ज्यादा परेशानियां आई थीं। इस फिल्म का डायरेक्शन संजय कर रहे थे।

# कोहली बोले-करेले से मुझे नफरत है




## दिल्ली टेस्ट में मंगवाए थे छोले-कुल्चे, इंटरव्यू में कहा- मलेशिया में गलती से कीड़ा खा लिया था

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली को करेले से नफरत है। कोहली के खानपान पर बात इसलिए हो रही है, क्योंकि हाल ही में दिल्ली टेस्ट के दौरान उन्होंने छोले-कुल्चे मंगवाए थे। इसी को लेकर वो चर्चा में हैं।कोहली ने दिल्ली टेस्ट के बाद सोमवार को एक फैशन ब्रांड को इंटरव्यू दिया। इंस्टाग्राम पर शेयर इस इंटरव्यू में कोहली अपनी पसंद और नापसंद पर पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे। इसी दौरान करेले को लेकर उन्होंने अपनी नापसंद जाहिर की।



दिल्ली टेस्ट के दौरान जब विराट कोहली आउट हो गए, उसके बाद ड्रेसिंग रूम में उनके लिए छोले-कुल्चे लाए गए। छोले-कुल्चे देखने के बाद कोहली का रिएक्शन सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

दिल्ली टेस्ट के दौरान जब विराट कोहली आउट हो गए, उसके बाद ड्रेसिंग रूम में उनके लिए छोले-कुल्चे लाए गए। छोले-कुल्चे देखने के बाद कोहली का रिएक्शन सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

**सवाल और कोहली के जवाब...**

*जिंदगी में सबसे अजीब चीज कौन सी खाई है?*

कोहली- मैं मलेशिया में था। गलती से एक डिश ऑर्डर की। वो शायद कोई कीड़ा था। उसे फ्राई किया गया था। मैंने उसे खाया और मुझे उस डिश से नफरत हो गई।

*वो कौन सी एक चीज है, जो कभी भी खाना पसंद नहीं करेंगे?*

कोहली- अब मैं वेजिटेरियन हो गया हूं। मैं करेला कभी भी नहीं खाता। मुझे करेले से नफरत है।

*आपकी चीट मील कौन सी है?*

कोहली- मेरी चीट मील बहुत साधारण है। छोले-भटूरे। इसमें कोई शक नहीं।

*कौन सी चीज आपको स्टाइलिश नहीं लगती है?*

कोहली- अगर कोई अपने बड़ों से रूखा व्यवहार करता है, तो वो मुझे स्टाइलिश नहीं लगता।

*आपका सबसे खराब फैशन क्या था?*


कोहली- पहले मैं ऐसे जूते पहनता था, जिनमें हील होती थी। सिर्फ पीछे से ही नहीं, बल्कि पूरी तरह ऊंचे होते थे। अब मैं उन्हें पहनने के बारे में सोच भी नहीं सकता। हालांकि मुझे प्रिंटेड शर्ट्स बहुत पसंद है।

विराट ने द्रविड़ को ऑफर किए छोले-कुल्चे, जवाब मिला- 50 की उम्र है नहीं खा सकता

दिल्ली टेस्ट जीतने के बाद राहुल द्रविड़ ने मैच को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कोहली के छोले-भटूरों का भी जिक्र किया। द्रविड़ ने कहा कि लोग यह कह रहे थे कि विराट ने छोले-भटूरे मंगवाए हैं। वो छोले-भटूरे नहीं, बल्कि छोले-कुल्चे थे। विराट ने मुझे छोले-कुल्चे ऑफर किए थे, लेकिन मैंने कहा कि मैं पचास साल का हूं और मैं इतना ज्यादा कॉलेस्ट्रॉल नहीं ले सकता।

दिल्ली टेस्ट में कोहली ने तोडा तेंदुलकर का रिकॉर्ड

दिल्ली टेस्ट में कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे तेज 25 हजार रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने 549 पारियों में यह मुकाम हासिल किया है। कोहली ने सचिन तेंदुलकर के 577 पारियों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। वे ऐसा करने वाले दुनिया के छठे बल्लेबाज बने हैं, जबकि भारतीयों में कोहली का नंबर दूसरा है।



## इन्दिरारमण स्वामी जी का आगमन, कल होगा 111 बालकों का उपनयन संस्कार

**कटनी,यशभारत।** परम पूज्य अनन्त श्री विभूषित इंदिरारमण रामानुजाचार्य स्वामी जी सरकार का आगमन स्थानीय रंगनाथ मंदिर में हो चुका है, वे कल 22 फरवरी को 111 बटुकों का उपनयन संस्कार कराकर आशीर्वाद प्रदान करेंगे। उपनयन संस्कार महोत्सव की समस्त तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। कल प्रातः 8 बजे से व्रतबंध महोत्सव प्रारंभ किया जाएगा। समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष पण्डित केके शर्मा, पण्डित रमेश शुक्ला, पण्डित गणेश दत्त मिश्रा, सतेन्द्र शुक्ला, रामाधार गौतम, रामेश्वर तिवारी, डॉक्टर लक्ष्मी नारायण खण्डेलवाल, डॉक्टर आरके पाठक, भगवान दास माहेश्वरी, संपत गट्टानी, संजय खंडेलवाल, एडवोकेट राकेश द्विवेदी, एड. नरेन्द्र पुरवार, व्यवस्थापक रामकरण दुबे, प्राचार्य धीरेंद्र द्विवेदी आदि ने समिति के समस्त सदस्यों से व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की है। यह प्रथम अवसर है जब इतनी बड़ी संख्या में बटुक और उनके अभिभावक उपस्थित होंगे।

# अदृश्य कीड़ों से परेशान शहरवासी बन रहे दुर्घटना का कारण

### चिकित्सकों ने दी बचाव की सलाह, आंखों को पहुंच रहा नुकसान



**कटनी, यशभारत। सावधान, इन दिनों अगर आप वाहन चला रहे हैं तो जरा सतर्क रहें। अदृश्य कीड़े कभी भी आपकी आंख में जा सकते हैं और सड़क पर वाहन चलाते समय आप दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। पिछले कुछ दिनों से शहर में अदृश्य कीड़ों की वजह से इस तरह की दुर्घटनाएं घटित हुई हैं। शहर और उपनगरीय क्षेत्रों से लगातार लोगों की शिकायत आ रहीं है, जिसमे छोटे-छोटे उड़ते कीड़ों के कारण लोग परेशान हैं। यह कीट स्थानीय भाषा में भुनगा कहे जा रहे हैं।**

बताया जाता है कि यह कीट न सिर्फ दुर्घटना का कारण बन रहे, वरन इनके आंख में जाने के बाद लोगों को तेज खुजली और जलन हो रही है, जिससे आंख लाल हो जाती हैं। चिकित्सकों ने इन अदृश्य कीड़ों से बचाव की सलाह दी है। डॉ. एस के शर्मा ने बताया कि अदृश्य कीड़ों की वजह से आंखों को नुकसान पहुंच सकता है, इसलिए वाहन चलाते समय हो सके तो चश्मा पहनें और आंख में अदृश्य कीड़ा जाने पर तत्काल पानी से आंख को साफ करें। इससे काफी राहत मिलेगी। ज्यादातर मामलों में यह देखा गया है कि यह कीट वाहन चलाते समय लोगों की परेशानी का सबब बने हैं। कीट अचानक शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में कहां से पैदा हो गए, इसके पीछे गंदगी ही प्रमुख कारण बताया जा रहा है। लोगों का कहना है कि शहर में जहां-तहां गन्दगी इकट्ठी होने से ही यह कीड़े पैदा हो रहे हैं। जानकर बताते हैं कि यह कीट अक्सर गोबर में पैदा होते हैं। उपनगरीय क्षेत्रों तथा शहरी क्षेत्र में डेयरी इनके जनक हो सकते हैं। वहीं कुछ लोग इसे कचरा संग्रह करने वाली कंपनी के कटनी के समीप प्लांट को इसका कारण बता रहे हैं, जो भी हो, लेकिन शहरवासी इससे काफी परेशान हैं। संत नगर निवासी प्रशांत कुम्टाकर ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से कीटों की वजह से सड़क दुर्घटनाओं में इजाफा हुआ है। नगर निगम प्रशासन भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन 181 में इसकी शिकायत की है।

### शाम के समय बरतें ज्यादा सावधानी

अक्सर शाम के वक्त लोगों का वाहन चलाना दूभर हो जाता है। आंख में जाने के बाद एकदम से वाहन रोकना ब्रेक मारने से दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती है। उधर आंख के विशेषज्ञ बताते हैं कि आंख में जाने के बाद आंख मलना काफी हानिकारक हो सकता है, क्योंकि इससे आंख के अंदर स्क्रैच घाव बनने की संभावना होती है। बहरहाल सवाल यह है कि यह अत्यंत छोटे कीड़े शहरवासियों को काफी परेशान करके रखे हैं। स्थानीय लोग नगर निगम से फागिंग करवाने तथा इन कीट के जनक स्थलों में साफ सफाई की मांग कर रहे हैं।



# देश को नेताओं की नहीं नायकों की जरूरत- राणा

### साहित्य के क्षेत्र में राजधानी में सम्मानित हुईं कटनी की बेटी नीलिमा पाठक सामंतरे

**कटनी,यशभारत।** कवियत्री नीलिमा पाठक सामंतरे को साहित्य के क्षेत्र में दखल प्राइड अवार्ड से सम्मानित किया गया। भोपाल में आयोजित समारोह में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता व साहित्यकार आशुतोष राणा, कवि आलोक श्रीवास्तव एवं दखल ग्रुप ने शॉल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह से अभिनंदन किया। इस मौके पर विजयराघवगढ़ क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री संजय पाठक भी मौजूद रहे। मीडिया समूह ने विभिन्न क्षेत्रों में अनुकरणीय सेवाएं देने वाली अन्य प्रतिभाओं का भी सम्मान किया।

इस मौके पर आशुतोष राणा ने कहा कि बदलते परिवेश में देश को नेताओं की नहीं बल्कि नायकों की जरूरत है, क्योंकि नेता जनता के पीछे चलता है और नायक नायक जनता के आगे। उन्होंने कहा कि उभरती और स्थापित प्रतिभाओं को मंच देकर मीडिया संस्थान अन्य लोगों के लिए प्रेरणा का कार्य करते हैं। उन्होंने समारोह में सम्मानित होने वाले व्यक्तित्वों को बधाई दी। विधायक संजय पाठक ने कहा कि समाज में ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए। इससे लीक से हटकर काम करने वालों को सामने आने का अवसर मिलता है। उल्लेखनीय है कि साहित्य के क्षेत्र में सम्मानित हुईं श्रीमती नीलिमा पाठक सामंतरे विधायक संजय पाठक की छोटी बहन हैं। उनका काव्य संग्रह अहसास हाल ही में प्रकाशित हुआ है जिसे देश के बड़े कवियों की सराहना मिली है। नीलिमा पाठक सामंतरे ने सम्मानित होने के बाद मंच से समूह के सदस्य अनुराग उपाध्याय एवं शेफाली गुप्ता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं को तलाशने और तराशने का काम सही मायने में मीडिया संस्थान ही करते हैं। लोगों के अंदर छिपी प्रतिभा को अपना मंच देकर समाज के सामने लाने वाले ही वास्तविक रूप से सम्मान के हकदार होते हैं।

# अस्पताल की नई बिल्डिंग के प्रसूती वार्ड में लगी आग

### कर्मचारियों और फायर ब्रिगेड ने दिखाई तत्परता, अधिकारी और जनप्रतिनिधि पहुंचे मौके पर, सोमवार की रात साढ़े 10 बजे हुई घटना







**कटनी, यशभारत।** जिला चिकित्सालय की नई बिल्डिंग के प्रसूती वार्ड में सोमवार की रात अचानक आग लगने से हड़कम्प की स्थिति निर्मित हो गई। आग लगने से मरीजों और उनके परिजनों में अफरा तफरी मच गई। बताया जाता है कि प्रसूती वार्ड में आग लगने के बाद ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारियों ने आग बुझाने के लिए काफी मशक्कत की। हड़कम्प मचने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने तत्काल इसकी सूचना फायर ब्रिगेड एवं कोतवाली पुलिस को दी। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया, हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। घटना की सूचना मिलने के बाद सीएमएचओ डॉ. प्रदीप मुढ़िया वहां पहुंचे और घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को दी। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के मुताबिक रात करीब साढ़े 10 बजे जब प्रसूता वार्ड में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते पूरे वार्ड में धुआं-धुआं फैल गया, जिसकी वजह से आस पास के लोगों का दम घुटने लगा। धुआं देखकर लोगों को आग की भनक लगी। उसके बाद अस्पताल प्रबंधन हरकत में आया और फायर ब्रिगेड को सूचना दिया गया। जिसके बाद दमकल टीम मौके पर पहुंची और स्थिति पर नियंत्रण पाया। आग लगने का कारण शार्ट शर्किट बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद विधायक संदीप जायसवाल, महापौर प्रीति सूरी, कलेक्टर अवि प्रसाद, पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, सीएसपी विजय प्रताप सिंह, पूर्व नगर निगम अध्यक्ष संतोष शुक्ला, संजीव सूरी, कोतवाली टीआई अजय बहादुर सिंह भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेकर मरीजों से बात की। सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा ने बताया कि घटना के वक्त वार्ड में केवल एक प्रसूता व नवजात भर्ती था। जिसे कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। बताया जाता है कि इस घटना के बाद प्रसूती वार्ड को सील कर दिया गया है और वैकल्पिक व्यवस्था बनाई गई है। एक नवीन कक्ष आंवटित किया गया है। जहां प्रसूताओं को भर्ती किया जाएगा, जिसके चलते व्यवस्था नहीं प्रभावित होंगी।




**रीवा से प्रारंभ होने वाली तीन जोड़ी ट्रेनें निरस्त**

# आज और कल मैहर तक चलेगी जबलपुर-रीवा शटल

### रीवा स्टेशन में नॉन इंटरलाकिंग कार्य के चलते रेलवे का निर्णय

**कटनी, यशभारत।** रेलवे के द्वारा रीवा स्टेशन पर आज 21 फरवरी व 22 फरवरी को नॉन इंटरलाकिंग कार्य कराया जा रहा है। इस कार्य की वजह से रीवा से प्रारंभ/टर्मिनेट होने वाली चार जोड़ी गाड़ियों को अपने प्रारंभिक स्टेशन से पूर्ण एवं एक जोड़ी रेलगाड़ी को आंशिक निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। रेलवे के मुताबिक गाड़ी संख्या 11705/11706 जबलपुर-रीवा-जबलपुर शटल जबलपुर से 21 फरवरी से 22 फरवरी तक एवं रीवा से 21 फरवरी से 22 फरवरी तक दोनों दिशाओं में मैहर-रीवा के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी। रेलवे के अनुसार दो दिन शटल जबलपुर से मैहर तक ही चलेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 18247/18248 बिलासपुर-रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस बिलासपुर से 20 फरवरी से 21 फरवरी तक एवं रीवा से 21 फरवरी से 22 फरवरी तक निरस्त रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11751/11752 रीवा-चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस रीवा से 20 फरवरी से 22 फरवरी तक एवं चिरमिरी से 21 फरवरी से 23 फरवरी तक निरस्त रहेगी। वहीं गाड़ी संख्या 11703/11704 रीवा-डॉ अम्बेडकर नगर-रीव एक्सप्रेस रीवा से 21 फरवरी को एवं डॉ अम्बेडकर नगर से 22 फरवरी को निरस्त रहेगी। इसके अलावा गा?ी संख्या 11754/11753 रीवा-इतवारी-रीवा एक्सप्रेस रीवा से 22 फरवरी को एवं इतवारी से 23 फरवरी को निरस्त रहेगी।

### रिशेड्यूल होकर चलेगी भुसावल-कटनी पैसेंजर

कटनी, यशभारत। इटारसी-खंडवा रेलखंड पर गुड्स लाइन को जोड़ने के लिए माथेला स्टेशन पर प्री नॉन इंटरलॉकिंग 23 फरवरी से 3 मार्च तक कराया जा रहा है। 2 दिन 4-5 मार्च को नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किए जाने के चलते कुछ गाड़ियों को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। जिसमें कटनी से भुसावल के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन भी शामिल है। रेलवे के मुताबिक गाड़ी संख्या 11127 भुसावल-कटनी एक्सप्रेस 23 फरवरी को भुसावल स्टेशन से अपने निर्धारित समय 11.15 बजे से 4 घंटे रीशेड्यूल होकर गंतव्य के लिए प्रस्थान करेगी।

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners

CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW
Mittal MALL
Paytm
book my show

From 17th February 2023

Cineworldz Cinema Katni by CMW
Schedule for the week 17 to 23 Feb,2023

| Audi-01 | Show |
|---|---|
| SHEHZADA | 10.30.00 AM |
| SHEHZADA | 1.15.00 PM |
| SHEHZADA | 4.00.00 PM |
| SHEHZADA | 6.45.00 PM |
| SHEHZADA | 9.30.00 PM |
| **Audi-02** | **Show** |
| SHEHZADA | 12.00.00 PM |
| ANT-MAN & THE WASP 3D HINDI | 3.00.00 PM |
| ANT-MAN & THE WASP 3D HINDI | 5.30.00 PM |
| ANT-MAN & THE WASP 3D HINDI | 8.00.00 PM |
| **Audi-03** | **Show** |
| PATHAAN | 12.00.00 PM |
| PATHAAN | 3.00.00 PM |
| SHEHZADA | 6.00.00 PM |
| SHEHZADA | 9.00.00 PM |

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor, Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830




सस्ती सुंदर 125/- में सिंगल बेड
पता- होटल गणपति प्लाजा
लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास वाली गली
कमानियागेट कटनी,
मो. नं. 7389565610
(एसी रूम उपलब्ध है)



वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ. अशोक चौदहा
एम.बी.बी.एस.डी.सी.एच.
क्लीनिक- राष्ट्रीय स्कूल के पास, घंटाघर रोड, कटनी
मरीज देखने का समय- 10.30 से 3 बजे तक
निवास- डन कॉलोनी बरगवां, कटनी
मरीज देखने का समय सुबह 9 बजे से 10 बजे तक
सायं 6.30 से रात्रि 8 बजे तक
मो. 9893723087, 8319994375

प्लाट बिकाऊ हैं
शांतिनगर, बारह बंगला, राय कॉलोनी एवं समदड़िया सिटी के पास हर साइज के प्लाट उपलब्ध हैं।
दर- 1000/- से 1200/- प्रति वर्गफुट
अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें-
मो. 9993705740




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)